E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.taruchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 16 जुलाई 2026 ■ आषाढ़, शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष -42 ■ अंक-109 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 17 जुलाई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़



ओडिशा के पुरी में आज भगवान जगन्नाथ,बलभद्र,सुभद्रा की रथयात्रा निकाली गई। भगवान के दर्शन करने देशभर के भक्त यहां पहुंचे हैं।

# धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम 2026 प्रदेश में लागू

### बल, लालच, धोखाधड़ी से धर्मांतरण कराने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**रायपुर,16 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन के साथ धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम-2026 10 जुलाई से पूरे प्रदेश में प्रभावी हो गया है. इसके साथ ही गलत तरीके से धर्मांतरण के मामलों में नए कानून के तहत कड़ी सजा और जुर्माने का प्रावधान किया गया है. धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम-2026 के अनुसार, बल, लालच, धोखाधड़ी से धर्म परिवर्तन कराने पर 7 से 10 साल की सजा के साथ दोषियों पर न्यूनतम 5 लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान है. महिला, नाबालिग, एससी/एसटी/ओबीसी पीड़ित होने पर 10 से 20 साल तक की सजा हो सकती है. यही नहीं सामूहिक धर्मांतरण पर आजीवन कारावास तक और 25 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है. अधिनियम में धर्म परिवर्तन से 60 दिन पहले कलेक्टर को सूचना देना अनिवार्य किया गया है. सिर्फ धर्म परिवर्तन के उद्देश्य से की गई शादी को शून्य घोषित किया जा सकेगा. इसके लिए हर जिले में विशेष अदालतें बनाए जाएगी. इसके साथ प्रकरण की सुनवाई 6 महीने में पूरी करना होगा.

### बालार्जुन ताम्रपत्र की भाषा पर घिरे मंत्री

## मंत्री बोले- गलत जवाब देने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जायेंगे

रायपुर,16 जुलाई। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान आज ज्ञान भारतम अभियान के तहत प्राचीन पांडुलिपियों और ऐतिहासिक ताम्रपत्रों के सत्यापन का मुद्दा उठा। कांग्रेस विधायक राघवेंद्र सिंह ने मल्हार से प्राप्त ऐतिहासिक बालार्जुन की ताम्रपट्टिकाओं को लेकर प्रश्नकाल में सवाल उठाया। विधायक राघवेंद्र सिंह ने सदन में कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में देश को यह बताया था कि यह ऐतिहासिक ताम्रपत्र ब्राह्मी और पाली भाषा में लिखा गया है। जबकि आज सदन में विभागीय मंत्री कह रहे हैं कि यह ब्राह्मी और संस्कृत भाषा में लिखा गया है। प्रधानमंत्री जब देश के सामने कुछ कहते हैं, तो पूरा देश उसे सही मानकर उस पर अटूट भरोसा करता है। लेकिन मंत्री का यह जवाब देश और सदन को पूरी तरह गुमराह करने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग के अधिकारी गलत तथ्य पेश कर मंत्री से गलत जवाब दिलवा रहे हैं। राघवेंद्र सिंह ने सवाल किया कि सदन को गुमराह करने वाले अधिकारियों के खिलाफ क्या तत्काल कार्रवाई की जाएगी?

### फर्जी ग्रामसभा प्रस्तावों पर सदन में संग्राम

## जवाब से नाराज विपक्ष का वॉकआउट

**रायपुर,16 जुलाई।** विधानसभा में गुरुवार को फर्जी ग्रामसभा प्रस्तावों के आधार पर उद्योग स्थापना को लेकर जोरदार हंगामा हुआ. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार से दोषियों पर कार्रवाई और कंपनियों को आवंटित जमीन निरस्त करने की मांग की. मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया. सरकार ने बताया कि दोनों कंपनियों ने छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से जल एवं वायु अधिनियम के तहत सहमति के लिए आवेदन ही नहीं किया, इसलिए मंडल को ग्रामसभा प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए. सरकार ने स्वीकार किया कि ग्राम अल्दा के प्रस्ताव में जालसाजी की शिकायत की जांच त्रि-सदस्यीय समिति ने की थी. जांच में पाया गया कि ग्रामसभा ने सर्वसम्मति से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं देने का प्रस्ताव पारित किया था, जबकि कार्यवाही पंजी की अंतिम दो पंक्तियां किसने लिखीं, इसकी जानकारी किसी को नहीं है.सरकार ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर 22 जून 2026 को थाना तिल्दा-नेवरा में बीएनएस की धारा 318(4) के तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. सरकार ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने संबंधित परियोजनाओं को पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की है. भूपेश बघेल ने पूछा कि क्या सरपंच-सचिव पर कार्रवाई होगी? बालाजी स्पंज एवं आयरन लिमिटेड और अग्रसेन स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित जमीन निरस्त की जाएंगी. पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि पुलिस विवेचना कर रही है, जांच के निष्कर्ष के आधार पर दोषियों और कंपनियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. मंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट किया.



## पीएम मोदी की आधी रात हाई लेवल मीटिंग

**नई दिल्ली,16 जुलाई।** 20 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से पहले पीएम मोदी ने आधी रात हाई लेवल मीटिंग की। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार रात को अपने निवास स्थान 'सेवा तीर्थ' में यह उच्च स्तरीय बैठक की। इस उच्च स्तरीय बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन और संगठन महामंत्री बीएल संतोष मौजूद थे। 3 घंटे तक चली मैराथन बैठक में कई अहम बिंदुओं पर चर्चा की गई। हालांकि, बैठक के एजेंडे को लेकर पार्टी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। देर रात सामने आया कि यह बैठक 2 घंटे 45 मिनट तक चली। बैठक में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग के लिए क्या-क्या प्रयास किए जा रहे हैं उस पर मंथन हुआ। हालांकि बीजेपी सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री आवास पर हुई बैठक में संगठन विस्तार, चुनावी राज्यों में प्रचार की रणनीति और संभावित मंत्रिमंडल विस्तार के मुद्दों पर अहम चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी शीर्ष नेतृत्व ने एनसीपी शरद पवार गुट पर भी चर्चा की गई। साथ ही एनसीपी के सारे आठों सांसदों का समर्थन जुटाने पर भी चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों में शरद पवार की जो मुलाक़ात महाराष्ट्र सीएम से हुई है.

# खाद आबंटन पर विधानसभा में तकरार

**रायपुर,16 जुलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान विधायक दलेश्वर साहू ने सहकारिता एवं निजी क्षेत्रों को लक्ष्य के विरुद्ध खाद्य का वितरण का मुद्दा उठाया. विधायक ने सवाल किया कि उर्वरक आबंटन में सहकारिता में 48 प्रतिशत और निजी को 52 प्रतिशत क्यों है, जबकि आपके जवाब में 70 प्रतिशत है. यह विरोधाभास क्यों? जवाब में मंत्री रामविचार नेताम में आंकड़ों की विश्वसनीयता को लेकर सवाल खड़े करते हुए पूछा कि आप कहां से आंकड़ा ला रहे हैं? मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि 3 पन्नों में उत्तर उपलब्ध कराया गया है. खाद का कुल भंडारण सहकारिता क्षेत्र में 64 प्रतिशत का और निजी क्षेत्रों में कुल भंडारण 36 प्रतिशत है. आप कहां से आंकड़ा ला रहे है। ये तो आप गुमराह करने की स्थिति बना रहे हैं, मैं सही उत्तर दे रहा हूं. इस पर विधायक ने कहा कि कई ऐसे इलाके हैं, जहां लक्ष्य के विरुद्ध खाद्य का वितरण किया जा रहा है. जहां 10 मांगा जा रहा वह 25 दिया जा रहा है. उसकी जांच समिति के माध्यम से कराएंगे क्या? आपके पास कम्पनी का कंट्रोल ही नहीं है. आखिरकार कंपनियों में कंट्रोल किसका है? मंत्री ने बताया कि ट्रायबल क्षेत्र हमारी प्राथमिकता है. यहां पर बहुत कम समय पर खाद पहुंच पाता है, इसलिए वहां हमने पूर्ति पहले की है, बाकी क्षेत्रों में खाद्य समय पर पहुंच जाता है। रही बात कंपनियों के नियंत्रण की, तो इनको आबंटन भारत सरकार करती है. हमारी प्लानिंग बस यह होती है कि किस क्षेत्र को आबंटन पहले किया जाना है?इस पर विधायक दलेश्वर साहू ने सवाल किया कि क्या 50 प्रतिशत से ज्यादा कंही पर खाद्य दिया जा रहा है, वहां जांच कराएंगे क्या? इस पर मंत्री नेताम ने दो टूक कह दिया कि जांच का कोई औचित्य ही नहीं है.



## ट्रैक्टर-ट्राली से स्कूटी टकराई,दो महिलाओं व 2 मासूमों की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़

भिलाई,16 जुलाई। कुम्हारी थाना क्षेत्र में फोरलेन सड़क पर आज सुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। यहां दशमेश ढाबा के पास खड़ी ऑक्सीजन सिलेंडरों से भरे एक ट्रैक्टर-ट्राली से स्कूटी की ज़बरदस्त भिड़ंत हो गई। सुबह करीब साढ़े 9 से पौने 10 बजे के बीच हुए इस दर्दनाक हादसे में स्कूटी पर सवार पांच लोगों में से चार की मौके पर ही मौत हो गई मृतकों में दो महिलाएं और दो मासूम बच्चे शामिल हैं, जो भिलाई-3 के नजदीक सोमनी गांव से रायपुर की ओर जा रहे थे। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक अन्य बच्चे को तत्काल इलाज के लिए रायपुर एम्स में भर्ती कराया गया है कुम्हारी थाने पुलिस ने मृतकों के शवों को सुपेला के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल की मरच्यूरी भेज दिया है और आरोपी ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है छावनी सीएसपी प्रशांत सिंह पैकरा ने बताया कि दर्दनाक हादसे में सोमनी गांव की अमृत निर्मलकर पति लोकेश निर्मलकर ( 28 साल ) उसकी छोटी बहन धौंराभाठा उतई की रहने वाली लक्ष्मी निर्मलकर ( 26 साल ), याचना पिता लोकेश निर्मलकर ( 7 साल ) और लक्ष्मी की बेटी मिष्ठी ( 4 साल ) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं भावेश निर्मलकर पिता लोकेश निर्मलकर ( 8 साल ) को घायल अवस्था में रायपुर एम्स में भर्ती कराया गया है। चार मृतकों व एक घायल बच्चे सहित सभी पांच लोग स्कूटी क्रमांक सीजी 07 डीई 5847 में सवार थे। स्कूटी को अमृत निर्मलकर चला रही थी। स्कूटी सवार सभी लोग सोमनी से रायपुर स्थित अपने मामा के घर जा रहे थे। लक्ष्मी निर्मलकर अपनी बेटी के साथ धौंराभाठा उतई से सोमनी पहुंची थी। यहां से बड़ी बहन अमृत और उसके बच्चों के साथ रायपुर जाने निकले थे। सिरसा गेट अंडर ब्रिज मरम्मत के लिए बंद होने से स्कूटी सवार सभी लोग सोमनी से निकलकर जी केबिन, देवबलोदा होकर उरला दुग्ध संघ अंडर ब्रिज से फोरलेन सड़क पकड़कर रायपुर जा रहे थे। इसी दौरान कुम्हारी थाना क्षेत्र में दशमेश ढाबा के पास आक्सीजन सिलेंडर से भरी ट्रैक्टर ट्राली सीजी 07 एनए 0930 खड़ी थी। इसी ट्रैक्टर ट्राली में स्कूटी सवार पीछे से जा भिड़े घटना में सभी चारों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम हेतु सुपेला के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल स्थित मरच्यूरी लाया गया है दुर्घटना में संलिप्त ट्रैक्टर को पुलिस ने जप्त कर कुम्हारी थाना परिसर में खड़े करवा दिया है ट्रैक्टर चालक भोला यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। फिलहाल इस हादसे के बाद पीड़ित परिवार में जहां कोहराम मचा हुआ है वहीं सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों की लापरवाही फिर एक बार उजागर हुई है

## राम मंदिर चढ़ावा: सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग

**राजनांदगांव,16 जुलाई।** राम मंदिर से जुड़े कथित चंदा और चढ़ावा मामले को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और भाजपा पर बड़ा राजनीतिक हमला बोला है। कांग्रेस का आरोप है कि भगवान राम के नाम पर जुटाए गए चंदे और मंदिर में मिले चढ़ावे में कथित अनियमितताएं हुई हैं। पार्टी ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जवाब मांगा है और सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र न्यायिक जांच कराने की मांग उठाई है। इसी मुद्दे को लेकर गुरुवार को राजनांदगांव प्रेस क्लब में कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। प्रेस वार्ता में रायपुर के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे और जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने अपनी बात रखी। कांग्रेस ने दावा किया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े कुछ पदाधिकारियों के इस्तीफों और सामने आई खबरों के बाद पूरे मामले पर




सवाल खड़े हुए हैं। पार्टी का कहना है कि केवल छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई पर्याप्त नहीं है और यदि किसी भी स्तर पर वित्तीय अनियमितता हुई है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस ने पांच प्रमुख मांगें रखीं। पार्टी ने पूरे चंदे और चढ़ावे का फॉरेंसिक ऑडिट कराने, सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में न्यायिक जांच कराने, दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने और पूरे मामले में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। कांग्रेस के आरोपों पर संबंधित पक्षों की ओर से अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आती रही हैं। फिलहाल मामले से जुड़े आधिकारिक जांच निष्कर्ष सामने आना बाकी हैं। राम मंदिर से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। एक ओर कांग्रेस जांच और जवाबदेही की मांग कर रही है, वहीं पूरे मामले में आगे की जांच और आधिकारिक तथ्यों पर सभी की नजर बनी हुई है।

# अर्जेंटीना ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराया

**वाशिंगटन,16 जुलाई।** अर्जेंटीना ने लगातार दूसरी बार फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल का टिकट हासिल कर लिया है। अटलांटा स्टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में अर्जेंटीना ने



बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 2-1 से हराया। सेमीफाइनल में हार के बाद अब इंग्लैंड तीसरे स्थान के लिए होने वाले मुकाबले में फ्रांस से भिड़ेगा। फीफा वर्ल्ड कप 2026 के खिताबी मुकाबले में अब अर्जेंटीना का सामना स्पेन से होगा। स्पेन ने पहले सेमीफाइनल में फ्रांस को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई है। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों की तरफ से आक्रामक खेल देखने को मिला। अर्जेंटीना के मुकाबले इंग्लैंड ने ज्यादा हमले किए और गोल करने के कई मौके बनाए, लेकिन टीम को सफलता हाथ नहीं लग सकी। दोनों टीमों का डिफेंस पहले हाफ में बेहद मजबूत रहा और शुरुआती 45 मिनट में कोई गोल नहीं हो सका। हालांकि, दूसरे हाफ की शुरुआत इंग्लैंड ने दमदार अंदाज में की। मैच के 55वें मिनट में मोर्गन रोजर्स के पास पर एंथनी गॉर्डन ने बेहतरीन शॉट लगाते हुए गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचाते हुए इंग्लैंड को मुकाबले में 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भी इंग्लैंड की तरफ से लगातार अटैक जारी रहे। मगर अर्जेंटीना ने मैच के अंतिम पलों में जबरदस्त वापसी की। 85वें मिनट में एंजो फर्नांडेज ने लियोनेल मेसी से मिले पास को गोल में तब्दील करते हुए अर्जेंटीना के खेमे को राहत की सांस दिलाई। 1-1 से बराबर हो चुके स्कोर के बाद मुकाबला अतिरिक्त समय में जाता हुआ दिख रहा था। हालांकि, इंजरी टाइम में अर्जेंटीना ने मुकाबले को पूरी तरह से पलट दिया। मेसी द्वारा दिए गए पास को लाउतारो मार्टिनेज ने बिना कोई गलती किए गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया और अर्जेंटीना के लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचने पर मुहर लगा दी। अंतिम 7 मिनटों में किए गए दो गोल की बदौलत अर्जेंटीना सेमीफाइनल मुकाबले को 2-1 से अपने नाम करने में सफल रहा।

# मुख्यमंत्री साय ने किया 'भावना दीदी की साइंस पाठशाला' का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**कवर्धा, 16 जुलाई।** पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण और वनांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ने की दिशा में विधायक भावना बोहरा की महत्वाकांक्षी पहल 'भावना दीदी की साइंस पाठशाला' मोबाइल इमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब का शुभारंभ बुधवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया। दोनों नेताओं ने हाईटेक मोबाइल लैब को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो पंडरिया विधानसभा के शासकीय एवं सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को अत्याधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण देगी। इस मोबाइल लैब के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स, ड्रोन एवं एयरोमॉडलिंग, थ्री-डी प्रिंटिंग, कोडिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) तथा ऑगमेंटेड एवं वर्चुअल रियलिटी (एआर/वीआर) जैसी तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम चरण में कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए तीन से पांच दिन की कार्यशालाएं आयोजित होंगी। एक वर्ष में 5,000 से अधिक विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नई शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों के अनुरूप तैयार करना है। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण बच्चों को भी आधुनिक तकनीकी शिक्षा और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराएगी।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह केवल एक मोबाइल लैब नहीं, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं को नई उड़ान देने वाला अभियान है। इससे सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होंगे।विधायक भावना बोहरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को भी समान अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि मोबाइल लैब के साथ-साथ क्षेत्र में 10 निःशुल्क बसों के माध्यम से 1,500 से अधिक छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए आवागमन की सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा लगभग 250 युवाओं को आईआईटी-जेईई, नीट और सीजीपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग भी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य शिक्षा, तकनीक और कौशल विकास के माध्यम से पंडरिया के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।

# भारतीय वैद्य परंपरा हमारी प्राचीन परंपरा है: सांसद विजय बघेल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 16 जुलाई।** नगर पंचायत उतई के मंगल भवन में आयोजित आखिल भारतीय वैध शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत प्रथम दिवसअथितियों का पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत की गई तत पश्चात विशिष्ट अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती नरेन्द्र साहू एवं पार्षद गणों कीउपस्थिति में भगवान धन्वंतरि की तैल चित्र पर पुष्प माला पहनाकर दीप प्रज्वलित एवं राजकीय गीत गा कर की गई ।

सांसद विजय बघेल ने कहा भारतीय वैध परम्परा प्राचीन परंपरा है जिससे हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए और धरती माता से प्रकृतिक रूप मिलने वाले जड़ी बूटियों को सेवन कर हमें निरोग रह कर स्वस्थ जीवन जीना चाहिए।धरती में मिलने वाले जड़ि बुटियों को सहेजने वाले गुरु शिष्य परम्परा भी धन्यवाद के पात्र है

बघेल ने छत्तीसगढ़ के उतई में आयोजन एवं सभी सदस्यों को नियुक्त पत्र दे कर उन्हें बधाई दी,प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण साहू इसे आयोजन के लिये बधाई प्रेषित किये।इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेन्द्र साहू,संगीत रजक ,सुनीता चंद्राकर ,सुनीता साहू, लता सोनवानी ,वैध संगठन के , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख,डॉ देव प्रकाश शर्मा ,राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र डकाटे, राषटीय कोषाध्यक्ष संतोष कुमार स्वर्णकार आदि वरिष्ठ वैध छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण साहू ,जिला अध्यक्ष गजानंद देवांगन ,सुरेंद्र बाबू गुप्ता तथा प्रोफेसर संजय कुमार शर्मा, संगठन के वरिष्ठ वैध जन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## एक नजर

### नशे में वाहन चलाने वालों के ख़िलाफ अभियान तेज



**भिलाई, 16 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए दुर्ग यातायात पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान तेज कर दिया है जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए गए अभियान के दौरान 26 चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए सभी के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त किए गए और न्यायालय में पेश किया गया पर न्यायालय में सभी आरोपियों तक का अर्थदंड लगाया। वहीं शराब के नशे में यात्री बस चलाते पकड़े गए एक बस चालक को जुर्माने के साथ सुबह 11 बजे से शाम छह बजे तक न्यायालय परिसर में उपस्थित रहने की विशेष सजा भी सुनाई गई सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक चल रही जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि जिले में प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। ब्रेथ एनालाइजर मशीन से दोपहिया, चारपहिया, ऑटो, बस, स्कूल बस और मालवाहक वाहनों के चालकों की जांच की जा रही है। अभियान का उद्देश्य नशे में वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है छह महीने में 1,752 मामलों में कार्रवाई यातायात पुलिस के अनुसार वर्ष 2026 के पहले छह माह में नशे में वाहन चलाने के 1,752 मामलों में कार्रवाई की गई है, जबकि वर्ष 2025 की इसी अवधि में यह संख्या 569 थी पिछले वर्ष की तुलना में इस बार कार्रवाई तीन गुना से अधिक बढ़ी है ।

### चोरी के मामले में युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 16 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई स्मृति नगर चौकी पुलिस ने सूने मकान में चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी गंड्डी बापजी उर्फ अजय बाबू को गिरफ्तार कर लिया है आरोपी कैंप-1 सुंदर नगर का निवासी है पुलिस ने उसके खिलाफ दर्ज चोरी के के मामले मामले में कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। इससे पहले इसी मामले में दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी के जेवरात बरामद किए जा चुके हैं स्मृति नगर चौक पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### हमले के आरोप में 3 गिरफ्तार



**भिलाई, 16 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र के धारदार हथियार दिखाकर शराब पीने के लिए पैसे मांगने का विरोध करने पर हमला करने वाले एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को सुपेला प्रभारी पारस ठाकुर ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग को मौके से अभिरक्षा में लिया गया तथा शेष दोनों आरोपियों महेश सागर (20 साल ) निवासी कैम्प-1 और हरप्रीत सिंह उर्फ वंश (19 साल ) निवासी कैम्प-1 को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है ।

### बैठक में चालकों को दी गई हिदायत



**भिलाई, 16 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई अंजोरा चौकी पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास एवं जन मित्र योजना के तहत ई-रिक्शा और ऑटो चालकों की जागरूकता बैठक आयोजित की चालकों को साइबर ठगी से बचाव, हेल्पलाइन 1930 और 1933, यातायात नियमों के पालन तथा नशामुक्त होकर वाहन चलाने की जानकारी दी गई साथ ही संदिग्ध गतिविधियों, पॉकेटमारी या अन्य अपराधों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी बैठक का उद्देश्य पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था।

# आत्मानंद स्कूल में रिजल्ट घोटाला? अतिरिक्त नंबर देकर बदल दी मेरिट!

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 16 जुलाई।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आठवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम को लेकर विवाद गहरा गया है। स्कूल प्रबंधन पर स्पोर्ट्स एवं कल्चरल कोटा के नाम पर अतिरिक्त अंक जोड़कर मेरिट सूची बदलने और एक छात्रा को मेडल दिलाने के आरोप लगे हैं। मामले में जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) बलीराम बघेल का कहना है कि इस तरह अतिरिक्त अंक देने का कोई प्रावधान नहीं है। इसके बाद स्कूल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, नयापारा निवासी कक्षा आठवीं की छात्रा वंशिका श्रीवास्तव ने वार्षिक परीक्षा के अंकों पर आपत्ति जताई। अभिभावकों द्वारा पड़ताल करने पर दावा किया गया कि वंशिका के 93.33 प्रतिशत अंक हैं, जबकि स्कूल द्वारा टॉपर घोषित छात्रा अनुति टेन्नेटी के 91 प्रतिशत अंक ही हैं। आरोप है कि पहले स्कूल ने अनुति को 95.17 प्रतिशत और वंशिका को 95 प्रतिशत अंक दर्शाए थेमामला जिला शिक्षा अधिकारी तक पहुंचने के बाद जांच हुई और अंक सुधारने के निर्देश दिए गए। आरोप है कि सुधार प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद स्कूल प्रबंधन ने अब तक संशोधित परिणाम जारी नहीं किया है। इसे लेकर अभिभावकों में नाराजगी है। वंशिका के माता-पिता का यह भी आरोप है कि अपनी बात रखने के बाद उन्हें स्कूल के व्हाट्सएप ग्रुप से हटा दिया गया।अभिभावकों ने स्कूल की प्राचार्य मनीषा खत्री पर आरोप लगाया है कि उन्होंने छात्रों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों को वास्तविक स्थिति से अवगत नहीं कराया। उनका कहना है कि स्थानीय विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित अन्य अतिथियों की मौजूदगी में अनुति टेन्नेटी को टॉपर के रूप में सम्मानित कराया गया, जबकि वास्तविक मेरिट सूची अलग बताई जा रही है।इधर, अभिभावकों ने मांग की है कि संशोधित परिणाम तत्काल सार्वजनिक किया जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। वहीं, स्कूल प्रबंधन की ओर से इस संबंध में आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### सिंधी ब्रादर मंडल के नवनिर्मित हॉल का लोकार्पण 19 को

**भिलाई, 16 जुलाई।** सिंधी ब्रादर मंडल सेक्टर-4 के नवनिर्मित हॉल का लोकार्पण समारोह आगामी 19 जुलाई रविवार को आयोजित किया गया है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में के डी वाधवानी, जी डी जसवानी, अशोक मूलचंदानी एवं सुरेश रत्नानी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिंधी ब्रादर के अध्यक्ष एवं समाजसेवी जय कुमार अम्बवानी करेंगे। इस दिन दोपहर 10.30 बजे से भगवान सत्यनारायण कथा के साथ समारोह का शुभारम्भ किया जायेगा। 11.30 बजे से 1 बजे तक करण महाराज द्वारा भक्तिमय संगीत प्रोग्राम संपन्न होगा। मंडल के अध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारिणी ने सभी से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए निगम का विशेष अभियान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 जुलाई।** नगर निगम द्वारा बरसात के मौसम में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मच्छर जनित बीमारियों से नागरिकों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रूप से दवाई का छिड़काव कर रही है। अभियान के तहत मच्छर उन्मूलन दल द्वारा मैलाथियान, टेमीफोस एवं जला ऑयल का छिड़काव नालियों, कूलरों, शौचालयों, बाथरूमों तथा जलभराव वाले स्थानों पर किया जा रहा है। साथ ही घरों एवं सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण कर जहां भी बरसाती पानी का जमाव पाया जा रहा है, उसे तत्काल हटाने एवं खाली कराने की कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने घरों एवं आसपास अनावश्यक जलभराव न होने दें, कूलरों का पानी नियमित रूप से बदलें तथा साफ-सफाई बनाए रखें, ताकि डेंगू एवं मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों का प्रजनन रोका जा सके।

# गोकुलनगर में धूमधाम से मनाया गया कबीर प्राकट्य महोत्सव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 जुलाई।** कबीर धाम गोकुलनगर में कबीर प्राकट्य महोत्सव धूमधाम से मनाया गया । ध्वजारोहण, कबीर साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण और आरती पश्चात भजन, सत्संग का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ । संत निकटेश्वर साहेब ने कहा कि हर मनुष्य में आत्मा के रूप में ज्ञानस्वरूप अंतर ज्योति है, उसे ही जानना हमारा लक्ष्य होना चाहिए और यह लक्ष्य सत्संग में संत गुरुजनों के सानिध्य से ही प्राप्त हो सकता है । साध्वी सुबुद्धि साहेब ने कहा कि शरीर छूटने के बाद ही मनुष्य के अच्छे बुरे कर्मों को याद किया जाता है, कबीर साहेब को हम इसीलिए याद करते हैं क्योंकि उन्होंने संसार में फैली तमाम बुराईयों, पाखंडों, आडंबरों का खंडन कर मनुष्य को सच्ची राह दिखाई । संत पूर्णेंद्र साहेब ने कहा कि हर प्राणी में जीव होता है लेकिन मनुष्य मात्र में वही जीव आत्मा कहलाती हैं क्योंकि उसी में विवेक का गुण निहित होता है, परंतु आज के मनुष्य का विवेक मर चुका है इसलिए अनादि काल से सांसारिक बंधनों में बंधा है । भजन का अर्थ शांत हो जाना और इसके लिए उसके अपने साथ जो भी अच्छा बुरा हो उसे भूलते चले जाएं । मुख्य प्रवक्ता संत शीतल साहेब ने कहा कि भजन सत्संग जरूर करना चाहिए क्योंकि उससे विवेक जागृत होता है, अन्यथा वह एक दिखावा ही है । कबीर साहेब को एक सच्चे संत के रूप में है याद करते हैं और हमें सच्चे संत की शरण लेनी चाहिए तभी हम भटकने से बच सकते हैं। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों सदस्यों से आव्हान किया कि इस आश्रम के विकास के लिए शासकीय अनुदान की आशा छोड़ स्वयं निस्वार्थ भाव से आगे आएं । उनके इस आव्हान पर उपस्थित सभी संतों, भक्त गानों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया और अपनी ओर से आर्थिक मदद की घोषणा की ।

# रेल संपत्ति चोरी मामले का स्थायी वारंटी बिहार से गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 16 जुलाई।** रेलवे सुरक्षा बल ने रेल संपत्ति चोरी के एक पुराने मामले में फरार चल रहे स्थायी वारंटी को बिहार से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर द्वारा चलाए जा रहे वारंट तामील अभियान के तहत वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रायपुर के मार्गदर्शन में की गई। जानकारी के अनुसार विशेष रेलवे न्यायालय रायपुर द्वारा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट दुर्ग के धारा 3(ए) रेलवे संपत्ति अधिनियम के आरोपी मोहम्मद राजू 36 वर्ष पिता मोहम्मद इदरीशउद्दीन, निवासी ग्राम झिकटिया, थाना महेशखूंट, जिला खगड़िया बिहार के विरुद्ध स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। वारंट की तामील के लिए पोस्ट प्रभारी आरपीएफ दुर्ग एस के सिन्हा के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक निरंजन, सहायक उपनिरीक्षक डी.के. सिंह, प्रधान आरक्षक बी. राजौरिया एवं आरक्षक एस.आर. मीणा की विशेष टीम गठित की गई। टीम 10 जुलाई को आरोपी के पैतृक गांव झिकटिया पहुंची और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी अन्य राज्य में मजदूरी करता है और वर्तमान में अपने गांव आया हुआ है। इसके बाद 12 जुलाई को स्थानीय पुलिस थाना महेशखूंट के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त कार्रवाई की योजना बनाई गई। 13 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी के निवास स्थान पर दबिश दी गई, जहां से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वारंट की जानकारी देने पर आरोपी ने अपना नाम और पता वारंट में दर्ज विवरण के अनुरूप होना स्वीकार किया।

# बीएसपी ने वेस्ट गैस फैन मोटर का अनुरक्षण कर रचा नया कीर्तिमान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 जुलाई।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र ने तकनीकी आत्मनिर्भरता एवं परिचालन उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए सिंटर प्लांट-3 की 8.4 मेगावाट एचटी सिंक्रोनस वेस्ट गैस फैन मोटर का लेवल-4 (एल-4) अनुरक्षण पहली बार पूर्णतः अपने आंतरिक संसाधनों से संपन्न किया है। बाहरी एजेंसी से यह कार्य कराए जाने पर इसकी अनुमानित लागत 55 लाख रुपये से अधिक थी, जबकि इन-हाउस निष्पादन के माध्यम से संयंत्र ने उल्लेखनीय लागत बचत के साथ अपनी तकनीकी दक्षता का परिचय दिया। अनुरक्षित एवं पुनर्स्थापित मोटर का लोकार्पण मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बी. के. बेहरा द्वारा किया गया। इस परियोजना की परिकल्पना एवं मार्गदर्शन मुख्य महाप्रबंधक टी. के. कृष्ण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक सजीव वर्गीज, महाप्रबंधक प्रभारी राहुल बिजुरकर तथा महाप्रबंधक ए. के. डे के नेतृत्व में किया गया। इस कार्य में मुख्य महाप्रबंधक कार्तिकेय बेहरा का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। अनुरक्षण कार्य के सफल निष्पादन में सिंटर प्लांट-3 की टीम से भदेओ टुडू, विवेक श्रीवास्तव, दीपक गुप्ता, राजेश साहू, एस. सी. साहू तथा अरुणेश शर्मा का उल्लेखनीय योगदान रहा। वहीं एचएमई की ओर से संतोष कुमार साहू, नरेंद्र राव एवं अतुल भड़े, ईआरएस से पी. के. पाढ़ी एवं के. बघेल तथा ए एंड डी से यू. एस. बरवाल एवं धीरेंद्र ने इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### शारीरिक शोषण,आरोपी की तलाश की जा रही

**भिलाई, 16 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई दोस्ती के बाद आपस में प्यार मोहब्बत कर युवती को शादी का प्रलोभन देकर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी के खिलाफ मोहन नगर पुलिस ने धारा 69 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है फरार आरोपी की तलाश में टीम लगी हुई है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि युवती ने शिकायत दर्ज कराई है कि पंचशील नगर निवासी गिरीश कौशल से उसकी जान पहचान थी। इसके बाद शादी का प्रलोभन देकर लगभग 2 साल से आरोपी उसके साथ शारीरिक संबंध बना रहा था जब युवती ने शादी के लिए दबाव डाला तो आरोपी मुकर गया और उससे दूरी बनाने लग गया था परेशान होकर युवती ने शिकायत दर्ज कराई है मोहन नगर थाने पुलिस मामले की जांच कर रही है

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर 16 जुलाई।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते आकाशीय बिजली गिरने एवं गड्ढा में डूबने से मृत्यु होने के अलग-अलग चार प्रकरणों में मृतकों के निकटतम परिजनों के लिए चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किए हैं। अंतागढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम कलगांव में आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने के प्रकरण में मृतक प्रकाश पटेल की पत्नी श्रीमती तुलसी बाई, संतोष पटेल की पत्नी श्रीमती उखा बाई तथा मनराज ठाकुर की पत्नी श्रीमती यशोदा बाई के लिए चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार अंतागढ़ तहसील के ग्राम लामकन्हार निवासी श्रीमती सविता दुग्गा की गड्ढा में गिरने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम परिजन प्रेमसिंह दुग्गा के चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार अंतागढ़ के द्वारा हितग्राही के बैंक खाता में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

# धान के बदले दलहन-तिलहन को बढ़ावा देने जिला प्रशासन का विशेष अभियान

**महासमुंद 16 जुलाई।** राज्य शासन के मंशानुरूप जिले में कृषि को अधिक लाभकारी, टिकाऊ एवं जल संरक्षण आधारित बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा उच्चहन (ऊँची) भूमि में धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, रागी, मक्का, कपास एवं अन्य वैकल्पिक फसलों के रकबे में वृद्धि के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री विनय लंगेह के निर्देशन में खरीफ सीजन के दौरान किसानों को वैकल्पिक खेती के लिए प्रेरित करते हुए इसे जन-अभियान का स्वरूप दिया गया है।

जिले में वर्ष 2026-27 के लिए धान के स्थान पर दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों का 15,150 हेक्टेयर रकबा आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 6,139 हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों द्वारा वैकल्पिक फसलों की बुवाई की जा चुकी है, जो लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में सकारात्मक प्रगति को दर्शाता है। विकासखंडवार निर्धारित लक्ष्य के अनुसार महासमुंद में 2,560 हेक्टेयर, बागबाहरा में 3,500 हेक्टेयर, पिथौरा में 2,890 हेक्टेयर, बसना में 2,980 हेक्टेयर तथा सरायपाली में 3,220 हेक्टेयर क्षेत्र में धान के स्थान पर दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों का विस्तार किया जाना है।

इस विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने बहुआयामी रणनीति अपनाई है। कृषि विभाग द्वारा गांव-गांव में किसानों को जागरूक करने के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहाँ जल उपलब्धता, मिट्टी की प्रकृति और आर्थिक लाभ को ध्यान में रखते हुए फसल विविधीकरण के महत्व की जानकारी दी जा रही है। खेती बचाओ अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविरों में किसानों को कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली फसलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बताया गया कि सामान्य भूमि पर दलहन-तिलहन की खेती करने पर कृषकों को 15,000 रुपये प्रति एकड़ की अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही, उच्च भूमि, असिंचित क्षेत्र में दलहन, तिलहन, रागी एवं कपास की खेती करने पर 10,000 रुपये प्रति एकड़ की विशेष अनुदान राशि देने का प्रावधान है।

कृषि उपसंचालक कृषि एफ.आर. कश्यप ने बताया कि अभियान के तहत किसानों को दलहन एवं तिलहन फसलों के गुणवत्तायुक्त बीजों का नियमित वितरण किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न ग्रामों में मॉडल प्लॉट विकसित कर उन्नत तकनीकों एवं वैकल्पिक खेती का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिससे किसान प्रत्यक्ष रूप से नई पद्धतियों के लाभों को देख सकें।कृषि विस्तार अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी नियमित रूप से किसानों के संपर्क में रहकर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। किसानों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है तथा फसल चयन, बीज उपचार, उर्वरक प्रबंधन एवं वैज्ञानिक खेती संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। जिला प्रशासन का मानना है कि उच्चहन भूमि में धान की अपेक्षा दलहन एवं तिलहन फसलें अधिक लाभकारी होने के साथ-साथ कम सिंचाई में बेहतर उत्पादन देती हैं। इससे भू-जल संरक्षण, उत्पादन लागत में कमी, मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि तथा किसानों की आय में बढ़ोतरी सुनिश्चित होगी। दलहन फसलें भूमि में नाइट्रोजन स्थिरीकरण कर मिट्टी की गुणवत्ता भी सुधारती हैं, जिससे आगामी फसलों को भी लाभ मिलता है। इसी कड़ी में अभियान से प्रेरित होकर ग्राम कस्तुरबोड़ के श्री चैन सिंग मरार ने अपने 1 हेक्टेयर रकबा में धान के बदले मक्का की खेती प्रारंभ कर दी है। ग्राम दाबपाली, चपिया, जमदरहा, पुरूषोत्तमपुर, बोदानवापाली जैसे ग्रामों में किसानों को निरंतर प्रेरित किया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ विधानसभा उत्कृष्ट कार्य संस्कृति और स्वस्थ संसदीय परंपरा का जीवंत उदाहरण : राज्यपाल रमेन डेका

**रायपुर, 16 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ विधानसभा ने अपने गठन के बाद से लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय गरिमा और अनुशासन की ऐसी उत्कृष्ट परंपराएं विकसित की हैं, जिनकी राष्ट्रीय स्तर पर सराहना होती है। यह प्रसन्नता का विषय है कि 1 नवंबर 2025 को यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण किया गया था और आज उसी परिसर में नवनिर्मित प्रेक्षागृह का लोकार्पण राज्यपाल श्री रमेन डेका के करकमलों से संपन्न हुआ है। यह विधानसभा की संस्थागत क्षमता और लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवनिर्मित प्रेक्षागृह में आज उत्कृष्टता अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

**प्रदेश के विकास और जनहित के संकल्पों को साकार करने का सशक्त मंच है विधानसभा - मुख्यमंत्री**

लोकतांत्रिक परंपराओं, संसदीय मूल्यों और उत्कृष्ट जनप्रतिनिधित्व को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित इस गरिमामयी समारोह में राज्यपाल श्री रमेन डेका ने विधानसभा परिसर में नवनिर्मित प्रेक्षागृह का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट संसदीय कार्य के लिए बिल्हा विधायक श्री धरमलाल कौशिक तथा अकलतरा विधायक श्री राघवेंद्र कुमार सिंह को उत्कृष्ट विधायक अलंकरण से सम्मानित किया गया। पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान के लिए दैनिक पत्रिका के संवाददाता श्री संतराम साहू को उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार अलंकरण तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उत्कृष्ट रिपोर्टिंग के लिए आईबीसी-24 के श्री सौरभ सिंह परिहार एवं डॉ. राजेश राज को उत्कृष्ट इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रिपोर्टर अलंकरण प्रदान किया गया। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा लोकसेवा का वह केन्द्र है जहां जनसेवक संसदीय सदन में लोक कल्याण का पावन अनुष्ठान संपादित करते हैं और इसलिए लोकतंत्र में संसदीय सदन को मंदिर की संज्ञा दी गयी है और इस मंदिर की प्रतिष्ठा सभी सदस्यों के आचरण व्यवहार और विचार पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा की गणना देश की श्रेष्ठ विधानसभाओं के उदाहरण के रूप में होती है। इस विधानसभा में पक्ष-प्रतिपक्ष के मध्य जो समन्वय है, सामन्जस्य है, और समादर का भाव है, वह निश्चित रूप से प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। राज्यपाल श्री डेका ने अपने संबोधन में सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर में जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे जनता के प्रति उत्तरदायी रहते हुए समर्पण भाव से कार्य करें। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि सभी प्रतिनिधि मिलकर प्रदेश के विकास के लिए कार्य करें, तभी राज्य निरंतर प्रगति करेगा। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से संवाद, स्वच्छता अभियान में सहभागिता तथा समाज के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले कार्यों को प्राथमिकता देने का भी आह्वान किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा देश की पहली और एकमात्र ऐसी विधानसभा है, जहां गर्भगृह में किसी विधायक के प्रवेश करते ही वे स्वतः निलंबित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि आत्मानुशासन, संसदीय मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। ऐसी विशिष्ट संसदीय परंपराओं ने छत्तीसगढ़ विधानसभा को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने लोकतंत्र में पत्रकारिता की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और पत्रकार लोकतांत्रिक व्यवस्था को जनता से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही, जनहित के मुद्दों और लोकतांत्रिक विमर्श को निष्पक्ष एवं तथ्यपरक ढंग से जनता तक पहुँचाने में संसदीय पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सम्मानित पत्रकारों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी निष्पक्ष एवं जिम्मेदार पत्रकारिता लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाती है।मुख्यमंत्री श्री साय ने सम्मानित विधायकों की सराहना करते हुए कहा कि श्री धरमलाल कौशिक का सार्वजनिक जीवन अत्यंत समृद्ध और अनुभवपूर्ण रहा है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए संसदीय परंपराओं को समृद्ध किया है। वहीं श्री राघवेंद्र कुमार सिंह ने प्रथम बार विधायक निर्वाचित होने के बावजूद सदन में तथ्यपूर्ण, अध्ययनशील एवं प्रभावी ढंग से अपनी बात रखकर एक सकारात्मक पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि दोनों जनप्रतिनिधियों का सम्मान लोकतांत्रिक मूल्यों और उत्कृष्ट संसदीय आचरण के प्रति सम्मान का प्रतीक है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिगों के हाथों में रफ्तार, बच्चों की सुरक्षा पर खतरा - अब सिर्फ अपील नहीं, कड़ाई भी जरूरी : इदरीस गांधी



**रायपुर, 16 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** राजधानी में नाबालिग छात्रों द्वारा बिना लाइसेंस वाहन चलाने, हेलमेट का उपयोग नहीं करने तथा ऑटो और ई-रिक्शा में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर परिवहन किए जाने की खबरें चिंता का विषय हैं। यह स्थिति बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही है।छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा शुरू किए जा रहे विशेष अभियान का स्वागत करते हुए कहा कि नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन और ओवरलोड स्कूल वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन, वाहन संचालकों और पालकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।इदरीस गांधी ने कहा कि ऐसे अभियान पहले भी चलाए गए हैं, लेकिन कुछ समय बाद कार्रवाई की गति धीमी पड़ जाती है। बच्चों की सुरक्षा जैसे विषय पर निरंतर निगरानी और नियमित कार्रवाई आवश्यक है।उन्होंने पालकों से अपील की कि वे नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें और बच्चों को असुरक्षित वाहनों में भेजने से बचें। उन्होंने कहा कि नियमों का सख्ती से पालन ही बच्चों के लिए सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कर सकता है।

### आज की सही योजना बच्चों को देती है अपने सपनों को जीने की आज़ादी: राजीव श्रीवास्तव

**रायपुर (तरुण छत्तीसगढ़)।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ज़ोनल डायरेक्टर (वेस्ट) श्री राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि हर माता-पिता का सपना होता है कि उनका बच्चा अपने जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल करे। ऐसे में बच्चों की उच्च शिक्षा, करियर और अन्य महत्वपूर्ण लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए समय रहते वित्तीय योजना बनाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जल्दी शुरू की गई प्लानिंग से नियमित निवेश के माध्यम से बेहतर फंड तैयार किया जा सकता है, जिससे भविष्य में अचानक आने वाले बड़े आर्थिक खर्चों का बोझ कम होता है। चाइल्ड इंश्योरेंस प्लान गारंटीड बेनिफिट्स, प्रीमियम माफी और आर्थिक सुरक्षा जैसी सुविधाओं के साथ बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के सपनों को साकार करने के लिए आज से ही योजनाबद्ध वित्तीय तैयारी शुरू करें, ताकि भविष्य में उन्हें अपनी पसंद का करियर और जीवन चुनने की पूरी आज़ादी मिल सके।

### अवैध रूप से शराब परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार




**डोंगरगढ़ (तरुण छत्तीसगढ़)।** पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन करने वालों, शराब कोचियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बी.डी. कॉलोनी, इंदिरा नगर निवासी विशाल कामड़े अपनी मोटरसाइकिल से अवैध देशी शराब लेकर बिक्री हेतु जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा स्लीपर फैक्ट्री रोड, डोंगरगढ़ में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक हरे रंग की प्लास्टिक थैली में रखी 40 पाव सुपर-36 मसाला देशी शराब तथा हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक CG-08-BE-0859 जप्त किया गया। वहीं दूसरी ओर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बछेराभाठा निवासी सीताराम मंडावी अपनी मोटरसाइकिल से निर्धारित मात्रा से अधिक देशी शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा लेडीजोब पुलिया के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपी की मोटरसाइकिल में रखे एक भूरे रंग के थैले से 32 पाव 36 मसाला देशी शराब तथा मोटरसाइकिल क्रमांक CG-08-BD-5112 जप्त किया गया। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34/2 के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

### श्री बालाजी महाभिषेक की तैयारियां अंतिम चरण में, श्रद्धालुओं में उत्साह

**तिल्दा-नेवरा, 16 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़)।** तिल्दा क्षेत्र के तुलसी स्थित श्री वेंकटेश बालाजी मंदिर, गोकर्ण भक्तिधाम में 20 जुलाई से 23 जुलाई 2026 तक श्री लक्ष्मी वेंकटेश बालाजी का महाभिषेक एवं श्री गुरु पूजन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं तथा श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।आयोजन के दौरान पूज्य जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्री स्वामी धनश्यामाचार्य जी महाराज (अलोपीबाग, प्रयागराज) के सान्निध्य में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे।



कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना एवं महाभिषेक का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार है—20 जुलाई – श्री गोदावरी जी का अभिषेक21 जुलाई – श्री पद्मावती लक्ष्मी जी का अभिषेक22 जुलाई – श्री बालाजी का महाभिषेक (प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक)23 जुलाई – गुरु पूर्णिमा एवं गुरु पूजन महोत्सवआयोजन समिति ने बताया कि 17 जुलाई से पूज्य महाराज का निवास गोकर्ण मंदिर, तुलसी में रहेगा। इस अवसर पर क्षेत्र सहित आसपास के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है।इस धार्मिक आयोजन का संचालन समस्त शिष्यभक्त परिवार द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि यह महोत्सव सनातन संस्कृति, गुरु परंपरा और भक्ति भावना को समर्पित रहेगा तथा चार दिनों तक श्रद्धालुओं के लिए विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण भी

**राजनांदगांव (तरुण छत्तीसगढ़)।** शासन द्वारा आज 14 जुलाई को प्रदेश के सभी नगरीय निकायो में नमस्ते दिवस मानये जाने के निर्देश प्राप्त हुए थे। निर्देशानुसार आज महापौर श्री मधुसूदन यादव की अनुशंसा पर नगर निगम सभागृह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निगम पदाधिकारियो की उपस्थिति में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा नमस्ते दिवस पर आयोजित ऑन लाईन कार्यक्रम स्वच्छता दीदीयो को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया।

## हर घर सोलर का लक्ष्य, कलेक्टर ने ग्राम पंचायत को दिए विशेष निर्देश

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**कलकसा ( डोंगरगढ़ )** कलेक्टर महोदय राजनांदगांव का जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के दौरा कार्यक्रम के तहत आज ग्राम पंचायत कलकसा पहुंचे। जिसमें ग्राम पंचायत कलकसा में लगे महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क में चल रहे पिनट बटर, एल्यूमीनियम से कढ़ाई, प्लास्टिक कटर वगैरा गतिविधियों को लेकर ग्राम पंचायत सचिव केदान सिन्हा से जानकारी लिए एवं सरपंच श्रीमति उमा विनोद धुर्वे को कहा कि आप अपने पंचायत में लोगों को जागरूक करने के लिए कहा कि गांव में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना (सोलर पैनल ) के बारे में जागरूक कर प्रचार प्रसार करे ताकि अधिक से अधिक लोगों के घरों में सोलर पैनल लग सके । साथ ही समान्य परिवार तीन किलो वाट का नहीं लगा सकते तो दो या एक किलो वाट का भी लगा सकते हैं। आपके पंचायत में सत प्रतिशत पीएम सूर्य घर योजना से जुड़ जाते हैं तो शासन के तरफ से 50 लाख तक की राशि ग्राम पंचायत के विकास लिए दिया जाएगा। और सरपंच महोदया को कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना में कम से कम फिर हाल 20 घरों में सोलर पैनल लगवाना अनिवार्य है।बिहान समूहों के दीदियों द्वारा चलाए जा रहे हैं। गतिविधियों पर चर्चा करते हुए । कार्य कर रहे दीदियों को पूछा कि आप लोगों को प्रतिदिन कितना मजदूरी मिलता है । दीदियों ने बताया कि 230/रुपए मिल रहा है। उस पर नाराजगी जाहिर करते हुए 300/ पारिश्रमिक देने कहा गया । साथ ही रीपास्थल पर वृक्षारोपण भी किया गया। इस बीच कलेक्टर जितेंद्र यादव साहब , सीईओ जिला पंचायत दुर्गा प्रसाद अधिकारी , एसडीएम डोंगरगढ़, श्रीमति भगवती साहू सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगढ़, सरपंच श्रीमति उमा विनोद धुर्वे, सचिव केदान सिन्हा, नरोत्तम सिंह कुंजाम , उपआभीयंता पवार, टी ए प्रवीण कुमार, विद्युत विभाग जेईई अमन कुमार, रामकुमार मंगेशकर, स्वच्छ भारत मिशन, बिहान समूह से मन्नाडे , सहित राज धृतलहरे उपसरपंच, चंद्रेश मंडावी, राजू धुर्वे, विनोद कुमार के अलावा अधिक संख्या में विभागीय अधिकारी/ कर्मचारी बिहान समूह की दीदिया और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## एक दिवसीय हड़ताल एवं विधानसभा घेराव में राजनांदगांव जिले के हजारों शिक्षक हुए शामिल

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजनांदगांव/रायपुर। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर 15 जुलाई 2026 को राजधानी रायपुर के तूता मैदान में प्रदेशव्यापी एक दिवसीय हड़ताल, धरना-प्रदर्शन एवं विधानसभा घेराव का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आंदोलन में प्रदेशभर से लाखों शिक्षक शामिल हुए। राजनांदगांव जिले से भी हजारों शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू के नेतृत्व में शामिल हुए और अपनी सात सूत्रीय मांगों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन करते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र कुमार राठौर ने कहा कि यह आंदोलन किसी शौक का परिणाम नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन की लगातार बनी हुई उदासीनता के कारण शिक्षकों की विवशता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए "मोदी की गारंटी" के वादों को सरकार शीघ्र पूरा करे तथा शिक्षकों की न्यायोचित मांगों पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय ले। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो फेडरेशन भविष्य में इससे भी व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। प्रांतीय पदाधिकारियों कमल वर्मा, बसंत कौशिक, मनीष मिश्रा, राकेश साहू, सिराज बख्श, अश्वनी कुर्रे एवं शंकर साहू सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि वर्षों से लंबित मांगों का निराकरण अब और टाला नहीं जा सकता। विद्या समीक्षा केंद्र (VSK) ऐप की तकनीकी एवं नेटवर्क संबंधी समस्याएं पूर्णतः दूर होने तक ऑनलाइन उपस्थिति को शिक्षकों के वेतन का आधार न बनाया जाए। युक्तियुक्तकरण नीति के तहत मर्ज किए गए प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान पाठकों को विद्यालय प्रबंधन समिति में कोषाध्यक्ष का प्रभार प्रदान किया जाए। राजनांदगांव जिले से आंदोलन में शामिल प्रमुख पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू, जिला सचिव ओमप्रकाश साहू, जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे, जिला महामंत्री बंदीश नेम पांडे, अमीन कुरैशी, ललित प्रताप सिंह, छुरिया ब्लॉक अध्यक्ष कीरत गणवीर, राजनांदगांव ब्लॉक अध्यक्ष सूरज शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रोशन लाल साहू.



## महापौर परिषद की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**राजनांदगांव 16 जुलाई।** महापौर श्री मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण, पाईप लाईन विस्तार, इंटर कनेक्शन, निगम स्वामित्व की दुकानो का जीर्णोद्धार के अलावा आगनबाडी सहायिका नियुक्ति, जाति प्रमाण पत्र, दुकानो की लीज अवधि में वृद्धि करने संबंधी विषयो पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया। महापौर श्री यादव ने बैठक के संबंध में बताया कि बजट प्रावधान अनुसार लखोली, कन्हारपुरी से मोहारा बाईपास तक, रेवाडीह चैक से गोकुल नगर तक नाला निर्माण करने निविदा आमंत्रित करने की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसी प्रकार पेयजल सप्लाई के लिए पाईप लाईन विस्तार करने, इंटर कनेक्शन कार्य की स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही निगम स्वामित्व के टाउन हाल परिसर जी.रोड के किनारे की 38 दुकाने एवं कस्तूरबा महिला मण्डल रोड की 18 दुकानो का जीर्णोद्धार करने निर्माण की स्वीकृति दी गयी। इसी प्रकार राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियो को राशि देने की स्वीकृति तथा समाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत पात्र हितग्राहियो को पेंशन राशि देने अनुशंसा की गयी। इसी कडी में आंगनबाडी सहायिका एवं पालना सहायिका नियुक्ति, जाति प्रमाण पत्र के प्रकरण, दुकानो की लीज अवधि में वृद्धि करने तथा नामांतरण के प्रकरणो के अलावा मवेशी बाजार नीलामी में प्राप्त उच्चतम बोली की स्वीकृति सहित मोबाईल टावर एवं भूमिगत केबल पर संपत्तिकर अधिरोपण के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया। बैठक में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री सावन वर्मा, सुनील साहू,श्री राजेश जैन रानू, श्रीमती बिना धुरव, शैंकी बग्गा, श्रीमती केवरा विजय राय,श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा, आलोक श्रोती, डीलेश्वर प्रसाद साहू एवं राजा माखीजा सहित निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम, कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे व कार्यपालन अभियंता (संविदा) श्री यू.के.रामटेके, प्र. कार्यपालन अभियंता श्री प्रणय मेश्राम,सहायक अभियंता श्रीमती ज्योति साहू, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा व सुश्री सुषमा साहू, राजस्व अधिकारी श्री मोबिन अली, सहायक राजस्व अधिकारी श्री हितेश ठाकुर, आदि उपस्थित थे।



## तिल्दा-नेवरा में वर्षों से निकल रही भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा


**■ तरुण छत्तीसगढ़**



**तिल्दा-नेवरा, 16 जुलाई।** तिल्दा-नेवरा में वर्षों से भगवान जगन्नाथ की पावन रथयात्रा श्रद्धा, आस्था और परंपरा के साथ निकाली जाती रही है। इस वर्ष भी गांधी चौक स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दर्शन के लिए नगर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। दर्शन उपरांत श्रद्धालु पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ रथयात्रा में शामिल हुए। महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों ने जय जगन्नाथ के जयघोष के बीच रथ को खींचकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। पूरे नगर का वातावरण भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर दिखाई दिया। गांधी चौक स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ हुई रथयात्रा तिल्दा-नेवरा के मुख्य मार्गों से होकर निकली। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी, पुष्पवर्षा की तथा रथयात्रा का भव्य स्वागत किया। नगरवासियों ने यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए भगवान जगन्नाथ से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। वर्षों से चली आ रही यह धार्मिक परंपरा तिल्दा-नेवरा की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो प्रत्येक वर्ष हजारों श्रद्धालुओं को आस्था के सूत्र में जोड़ती है।

## सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा

**राजनांदगांव 16 जुलाई।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज जनपद पंचायत डोंगरगढ़ कार्यालय में ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की तथा इसमें गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सचिवों को मुख्यालय में रहने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नामांतरण, बटवारा एवं अन्य राजस्व प्रकरणों का समय पर निराकरण करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन से संबंधित प्रकरणों का समय पर समाधान करने के लिए कहा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री विश्वास कुमार, जनपद सीईओ श्रीमती भगवती साहू एवं अन्य अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित थे।



## चाकू की नोक पर लूटपाट करने वाले तीन बदमाश दबोचे

**राजनांदगांव, 16 जुलाई।** थाना बसंतपुर पुलिस ने चाकू दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को घटना के महज तीन घंटे के भीतर गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई 1,800 रुपये की नकदी, एक विवो मोबाइल फोन, वारदात में प्रयुक्त धारदार चाकू तथा मोटरसाइकिल (CG-08-BG-7482) बरामद कर जब्त कर ली है।पुलिस के अनुसार, 14 जुलाई 2026 की शाम करीब 6 बजे प्रार्थी मोहारा बायपास स्थित शराब दुकान से लौट रहा था। रास्ते में एक युवक ने मोहारा तक लिफ्ट मांगी। कुछ दूरी आगे बढ़ने पर पहले से मौजूद उसके दो साथियों ने मोटरसाइकिल रुकवाई और तीनों ने धारदार चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी से 1,800 रुपये नगद एवं विवो कंपनी का मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज तीन घंटे के भीतर तीनों आरोपियों—उत्तम पारेख (25 वर्ष), पुसउ कुमार साहू (26 वर्ष) एवं धीरज बारेकर (22 वर्ष), सभी निवासी संजय नगर, लखोली—को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने लूट की वारदात स्वीकार कर ली।

## मुरुम का अवैध उत्खनन करने पर जेसीबी एवं माजदा को किया जब्त

**राजनांदगांव 16 जुलाई.** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठेलकाडीह, घुमका, चारभाठा, धौराभाठा, कुहुआकुडा, तिलई, डुमरडीहकला सहित अन्य क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम कुहुआकुडा में पूरन लाल के स्वामित्व की जेसीबी क्रमांक सीजी 08 एएम 7858 से वाहन चालक खिलेश सिन्हा तथा होरीलाल के स्वामित्व की माजदा क्रमांक सीजी 24 वी 6723 से वाहन चालक कमलेश यादव द्वारा मुरूम का अवैध उत्खनन करने पर कार्रवाई करते हुए जप्त कर थाना ठेलकाडीह को सुपुर्द किया गया। प्रकरण में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

# मांग एक है पर कांग्रेस सीजेपी का साथ नहीं दे रही

राजनीति में एक सत्ता पक्ष होता है और एक विपक्ष होता है। जो सत्ता पक्ष के साथ नहीं होता है, वह विपक्ष के साथ होता है। जब भी सरकार के खिलाफ कोई बड़ा व देशव्यापी मुद्दा सामने आता है तो विपक्ष के सारे दल, सारे राजनीतिक व गैरराजनीतिक संगठन एक हो जाते है और बड़ा प्रभावी आंदोलन करते है,ऐसे बड़े व व्यापक आंदोलन का असर भी होता है,ऐसे आंदोलनों के कारण कई बार देश में सत्ता भी बदलती है,सरकार को झुकना पड़ता है,विपक्षी दलों व गैरराजनीतिक संगठनों की मांग को मानना पड़ता है। काकरोच जनता पार्टी एक ऐसा ही संगठन है जो नीट पेपर लीक के मामले में सरकार से मांग कर रहा है कि शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लिया जाए।कांग्रेस भी नीट पेपर लीक को लेकर मांग कर रही है कि धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। सीजेपी ने जंतर मंतर में इस मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है, इसे दो तीन सप्ताह हो गए हैं, सीजेपी की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक १८ दिन से भूख हड़ताल कर रहे हैं। विपक्ष के कई नेताओं ने सरकार के बात न करने को लेकर वांगचुक से अपील की है वह अपना अनशन समाप्त कर दें। लेकिन कांग्रेस ने अब तक सीजेपी के आंदोलन को लेकर एक शब्द समर्थन मे नहीं कहा है जबकि दोनों की मांग एक है कि शिक्षा मंत्री प्रधान इस्तीफा दें। सीजेपी एक जज की टिप्पणी के विरोध में बना संगठन है, इसके नेता को सोशल मीडिया में मिल रहे समर्थन से वहम हो गया था कि वह किसी ऐतिहासिक आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं।लाखों लोगों ने संगठन का समर्थन किया तो लगा कि उनका आंदोलन सफल हो गया है।उन्होंने मान लिया कि वह जंतर मंतर में धऱना देंगे तो देश भर से लाखों युवा उनके धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे, विपक्ष उनका समर्थन करने को मजबूर होगा और सरकार को उनकी मांग माननी पड़ेगी।सीजेपी का जंतर मंतर पर धऱना प्रदर्शन को १८ दिन से ज्यादा हो गए हैं, एक भी विपक्ष का बड़ा नेता ने जैसे राहुल गांधी जंतर मंतर पर जाकर उनके साथ खड़ा नहीं हुआ है। हां सोशल मीडिया के जरिए समर्थन जरूर कुछ नेता कर रहे हैं।सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके वांगचुक की जगह भूख हड़ताल करते तो युवाओं पर उसका ज्यादा असर होता उनके सामने नहीं आने का फायदा वांगचुक ने उठाया है और वह पहले भी भूख हड़ताल करते रहे हैं और जानते हैं कि भूख हड़ताल करने पर उनका खूब प्रचार होगा। यही हो रहा है अभी अभिजीत दीपके की चर्चा कम वागंचुक की चर्चा ज्यादा हो रही है। नेता अभिजीत हैं लेकिन नेता के रूप में प्रचारित तो वांगचुक हो रहे हैं, विपक्ष अऩशन करने पर उनकी चिंता कर रहा है।अभिजीत को मजबूरी मे वांगचुक का साथ लेना पड़ रहा है क्योंकि सीजेपी का धरना प्रदर्शन में तो लोगों की भीड़ जुट नहीं रही है लेकिन वांगचुक के अनशन के कारण सीजेपी चर्चा में तो है। सवाल उठता है कांग्रेस नेता राहुल गांधी सीजेपी व वांगचुक के अनशन को लेकर चुप क्यों है क्योंकि वह तो नेता प्रतिपक्ष है, उनको तो विपक्ष के हर नेता के आंदोलन का समर्थन मौके पर जाकर करना चाहिए।विपक्ष के कई नेता कह भी रहे हैं कि राहुल गांधी को जंतर मंतर जाकर सीजेपी और वांगचुक के अनशन का समर्थन करना चाहिए। राहुल गांधी खुद भी गूंज के जरिए इसी मुद्दे पर छात्रों के बीच जाकर नीट पेपर लीक व प्रधान के इस्तीफे पर जोर दे रहे हैं यानी राहुल गांधी खुद को जेन जी के नेता के रूप में स्थापित करना चाहते है और बांग्लादेश,नेपाल,श्रीलंका जैसा जेन जी आंदोलन नीट पेपर लीक व प्रधान के इस्तीफे को लेकर करना चाहते हैं। राहुल गांधी तो कई महीनो से सपना देख रहे हैं कि भारत का जेन भी किसी मुद्दे पर तो आंदोलन करे और उनको भाजपा व मोदी को सत्ता से हटाने का मौका मिले। लेकिन महीनों बाद भी भारत के जेन जी ने ऐसा कुछ नहीं किया है। नीट पेपर लीक हुआ तो राहुल गांधी को लगा अब मौका आया है जेन जी जरूर देश में ऐसा आंदोलन करेगा कि मोदी सरकार मुश्किल में पड़ जाएगी।वह छात्रों के बीच जाकर मोदी सरकार के खिलाफ माहौल भी बना रहे थे लेकिन अभिजीत दीपके ने नीट पेपर लीक को लेकर सीजेपी का गठन कर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। अभिजीत दीपके युवाओं का नेता बन गया,उसे सोशल मीडिया में लाखों लोगों का समर्थन मिलने लगा।इससे राहुल गांधी के जेन जी का अकेला नेता बनने के रास्ता बंद हो गया क्योंकि अभिजीत भी तो जेन जी का ही नेता है। एक आंदोलन का एक नेता हो सकता है, यही वजह है राहुल गांधी अभिजीत दीपके व सीजेपी का समर्थन नहीं कर रहे है।वह अलग से अपना आंदोलन चला रहे हैं। राहुल गांधी व कांग्रेस को डर है कि यदि कांग्रेस व राहुल गांधी अभिजित दीपके के आंदोलन का समर्थन करते हैं तो वह बड़ा नेता बनकर राहुल गांधी व कांग्रेस को ही भविष्य में नुकसान पहुंचा सकता है जैसा अन्ना आंदोलन से निकले आमआदमी पार्टी ने नुकसान पहुंचाया था।

रथ यात्रा

# आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग खोलती है रथ की रस्सी

डॉ.सूर्यकांत मिश्रा

भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर हर हिंदू धर्मावलंबी के मन में उत्साह का संचार होना कोई नई बात नहीं है । प्रभु श्री जगन्नाथ की नगरी पूरी ( उड़ीसा ) में तो इसे लेकर छोटे से लेकर बड़े और बुजुर्गवार तक में एक प्रतियोगी स्वरूप दिखाई



पड़ता है । आप पूछ सकते हैं कि प्रभु की रथ यात्रा में प्रतियोगिता जैसा क्या है ? यह स्वाभाविक प्रतिक्रिया कही जा सकती है । मै जिस प्रतियोगिता की बात कर रहा हूं वह हार या जीत तक नहीं ले जाती वरन प्रत्येक धर्मावलंबी के हृदय में बसी प्रभु की भक्ति के दर्शन कराती है । भगवान जगन्नाथ , भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के नयनाभिराम रथ को चलाने के लिए किसी प्रकार की मशीनरी का उपयोग नहीं किया जाता है ! रथ में लगी रस्सी को प्रभु के भक्त अपने हाथों से खींचकर उसे चलायमान करते हैं ! इसी रस्सी को पकड़ना और रथ को खींचना एक प्रतियोगी रूप में दिखाई पड़ता है । भगवान जगन्नाथ के रथ की रस्सी जिसे " चरण " भी कहा जाता है , वह सिर्फ एक रस्सी या डोर नहीं बल्कि वह दिव्य धागा है जो इस मृत्यु लोक में निवास कर रही मानव जाति को सीधे भगवान से जोड़ता है । यह मान्यता है कि रथ दूज के दिन अपने धाम से निकले प्रभु जगन्नाथ के रथ की रस्सी को छू लेने मात्र से सारे बुरे कर्म अर्थात पापों का अंत हो जाता है । ऐसा भी कहा जाता है कि रथ की रस्सी को खींचने से मनुष्य को जन्म और मरण के चक्र से मुक्ति मिल जाती है । बड़े बुजुर्गों का ऐसा कहना है कि जब हम भगवान के काम में हाथ बंटाते हैं तो स्वयं भगवान हमारे जीवन की डोर थाम लेते हैं ।



आज जब मैं रथ दूज और रथयात्रा पर चर्चा कर रहा हूं तो मेरा चंचल मन मुझसे बार - बार कह रहा है कि भगवान जगन्नाथ के सबसे प्रिय श्लोक " जगन्नाथाष्टकम " का उच्चारण करता चलूँ । भगवान जगन्नाथ जो जगत के स्वामी माने जाते हैं उन्हें प्रसन्न करने के लिए इस मंत्र का जप करना उचित माना जाता है :-

" जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु में ।।"

अर्थात - हे ! जगत के स्वामी भगवान जगन्नाथ ! आप मेरे नयनों के सामने सदा विराजमान रहें और मेरे पथ प्रदर्शक बने रहें । आदि शंकराचार्य द्वारा रचित यह मंत्र हमारे अंतर्मन को पवित्र कर जाता है । भगवान जगन्नाथ की कृपा पाने के लिए सर्वाधिक रूप से इस मंत्र का जप भी किया जाता है :-

" ॐ नीलांचल निवासाय परमात्मने ।
बलभद्र सुभद्राभ्यां जगन्नाथाय ते नमः ।।"

अर्थात नीलगिरि पर्वत पूरी में निवास करने वाले नित्य और परमेश्वर स्वरूप भगवान जगन्नाथ , बलभद्र और सुभद्रा जी को मेरा बार - बार नमन है । हम यह जानते हैं कि भगवान जगन्नाथ , बलभद्र और सुभद्रा जी के तीन भव्य रथ मात्र कलात्मक वाहन नहीं हैं ! वे प्रेम की आध्यात्मिक अभिव्यक्ति हैं ! इसी तरह इन रथों से जुड़ी रस्सियां भी साधारण रस्सी नहीं बल्कि दिव्य कृपा की विस्तार हैं । श्रद्धापूर्वक रस्सी को स्पर्श करना मात्र ही मानवीय जीवन के बुरे कर्मों को जलाकर भस्म कर देने के लिए पर्याप्त है ! भगवान जगन्नाथ जी के रथ की रस्सी को खींचने मात्र से हजारों यज्ञ और तीर्थ स्थानों के पुण्य प्राप्त हो जाते हैं । रथ यात्रा केवल दर्शन नहीं । यह केवल जप भी नहीं है । यह वह अवसर है जो आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग का द्वार खोल जाती है । प्रत्येक मनुष्य भगवान के दर्शन की आस लिए घंटों मंदिर के समीप कतार में खड़ा रहता है ! रथ यात्रा एक ऐसा दुर्लभ पर्व है जिसमें भगवान स्वयं अपने भक्तों के सामने प्रकट होते हैं । वे अपने भक्तों को मंदिर के अंदर नहीं बुलाते वरन स्वयं अपने स्थान से उठकर अपने भक्तों के समीप पहुंचते हैं । यही कारण है कि उनका रथ ही परम धाम और मंदिर बन जाता है । रथ की रस्सी ही सेवा रूपी माला बन जाती है । यही वह क्षण होता है जब श्री कृष्ण असाधारण रूप में सभी के लिए सहज और सुलभ हो जाते हैं । सच्चे मन से रथ की रस्सी को छूना , प्रभु के कमल जैसे चरणों को छूने जैसा होता है । यह केवल प्रतीकात्मक नहीं , आध्यात्मिक हो जाता है ।

भगवान जगन्नाथ , भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के अलग - अलग सजे रथ अपने विशिष्ट नामों से जाने जाते हैं । आज मै चर्चा करना चाहता हूं उन रथों में बंधी रस्सियों की । क्या रथों की तरह ही तीनों रथों की रस्सियां भी विशेष नाम से जानी जाती हैं ? जी हाँ ! भगवान जगन्नाथ , बलभद्र और सुभद्रा जी के रथ की रस्सियों के भी नाम हैं । भगवान जगन्नाथ के 16 पहियों वाले नंदीघोष रथ की रस्सी को " शंखचूड़ नाड़ी " कहा जाता है । इसी तरह बलभद्र जी के 14 पहियों वाले तालध्वज रथ की रस्सी " वासुकी " के नाम से जानी जाती है । बहन सुभद्रा के 12 पहियों वाले पद्मध्वज रथ की रस्सी को " स्वर्णचुड़ा नाड़ी " कहा जाता है । ये रस्सियां न केवल रथों को खींचने का काम करती हैं बल्कि धार्मिक दृष्टिकोण से इन्हें पवित्र भी माना जाता है । हर रस्सी का अपना आध्यात्मिक महत्व है , जो भगवान की ऊर्जा और आशीर्वाद को दर्शाता है । ऐसा भी कहा जाता है कि रस्सी को खींचकर मनुष्य अपनी शक्ति ईश्वर को अर्पित करता है और बदले में ईश्वर मनुष्यों के हृदय में प्रवेश करते हैं ।

हम ऐसी भौतिक दुनिया में जीवनयापन कर रहे हैं जहाँ तनाव , अहंकार और विभिन्न सुख - सुविधाओं से चिपके रहना हमारी नित्य क्रिया में शामिल हो चुका है । रथ यात्रा ऐसा पुण्य अवसर है जो हमें इन्हीं लुभावनी सुविधा और भौतिकतावादी सोच को त्यागने का अवसर प्रदान करती है । साथ ही भक्ति की डोर को थामे रहने की प्रेरणा भी हमारे हृदय में जन्म लेती है । भगवान की रथ यात्रा का पर्व उनके धाम से शुरू होकर मौसी के घर ( गुंडिचा मंदिर ) पहुंचकर समाप्त होता है । यह त्यौहार आत्मा की आध्यात्मिक मुक्ति की यात्रा को दर्शाता है । यह भारतवर्ष सहित दुनियाभर के भक्तों को एक साथ लाकर भक्ति , आनंद और दिव्य जुड़ाव में लीन कर जाता है ।

## सू- दोकू क्र.101

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र 100 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -101

बाएं से दाएं

ऊपर से नीचे

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 100 का हल



## किताबों का अंतिम यात्रा

व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

किताब होना इस दौर में वैसा ही है, जैसे किसी कड़कती धूप में बिना छाते के खड़े रहना। जब मैं पहली बार चमचमाते कवर के साथ लेखक महाशय के घर आई थी, तो लगा था कि साक्षात सरस्वती के मायके आ गई हूँ। लेखक साहब मुझे उंगलियों से ऐसे सहलाते थे, मानो कोई नया-नया आशिक अपनी महबूबा का हाथ थाम रहा हो। पन्ने पलटने के लिए जब उनकी जुबान का थूक मेरी छाती पर लगता, तो घिन नहीं, एक अजीब सा अपनापन महसूस होता था। लगता था कि मेरा जन्म सफल हो गया। शुरुआती हफ़्ते मैंने ड्रॉइंग रूम की उस शीशे वाली अलमारी में गुज़ारे, जिसे देखकर मोहल्ले के लोग लेखक की विद्वत्ता का अंदाज़ा लगाते थे। वह अलमारी घर का वीआईपी लाउंज थी। पर अफ़सोस, यह मुग़ालता ज़्यादा दिन नहीं टिका। जैसे ही बाज़ार में कोई नई, चकाचौंध वाली किताब आई, मेरा प्रमोशन रुक गया और मुझे उस वीआईपी लाउंज से धक्के मारकर बाहर कर दिया गया। ड्राइंग रूम की अलमारी से सीधे सेंटर टेबल पर आना वैसा ही था, जैसे किसी कॉर्पोरेट कंपनी में मैनेजर से सीधे इंटर्न बना दिया जाना। पर असली कहानी तो अभी शुरू होनी थी। जब आपकी ज़िंदगी में स्थायित्व खत्म हो जाता है, तो आप सिर्फ़ वजूद बचाने की जंग लड़ते हैं। मैं थोड़ी सी मोटी और भारी-भरकम थी और यही मेरा सबसे बड़ा गुनाह बन गया। लेखक की पत्नी और उनके मॉडर्न बच्चों ने मेरी उपयोगिता का एक नया और क्रांतिकारी आयाम खोज निकाला। चाय की केतली से लेकर गरम कॉफी के मग तक, सब मेरी पीठ पर सजने लगे। मेरी पीठ पर बने वो गोल-गोल काले-भूरे निशान मेरी रीढ़ की हड्डी के टूटने के गवाह हैं। कभी-कभी तो हद ही हो जाती थी। जब रात को लेखक के कमरे में मच्छर या झींगुर आतंक मचाते, तो लेखक किसी हथियार की तरह मुझे उठाते और धड़ाम से दीवार पर दे मारते। मेरे पन्नों पर फैले उन बेगुनाह कीट-पतंगों के खून के धब्बे चीख-चीखकर कहते थे कि मैं कोई ज्ञान का सागर नहीं, बल्कि एक पढ़ा-लिखा मच्छरमार विज्ञापन बनकर रह गई हूँ। लेखक की पत्नी जब भी घर की सफ़ाई करतीं, उनकी नज़रें मुझे ऐसे घूरती थीं जैसे कोई कसाई बकरे को देखता है। वो तो भला हो लेखक का, जो साल में एक-दो बार मुझे उलट-पलट कर देख लेते और वापस स्टोर रूम के अंधेरे में ठूंस देते थे। स्टोर रूम में जाना किसी काले पानी की सज़ा काटने जैसा था। वहाँ मेरे जैसी सैकड़ों अभागी किताबें धूल की चादर ओढ़े अपनी बारी का इंतज़ार कर रही थीं। हम सब रात के सन्नाटे में एक-दूसरे के फटे पन्नों को सहलाते और रोते थे कि आखिर हमें उस काँच की अलमारी में जगह क्यों नहीं मिली? एक दिन हमारी क्लास की एक दुबली-पतली, फटी-पुरानी किताब ने इस रहस्य से परदा उठाया। उसने कांपती आवाज़ में बताया, "अरे तुम लोग किस भ्रम में जी रहे हो? एक दिन लेखक का कोई प्रशंसक आया था और पूछ रहा था कि आप इतनी किताबें लाते कहाँ से हैं? तो लेखक ने हंसकर कहा था, 'अरे भाई, कोई समीक्षा के नाम पर थमा जाता है तो कोई मुफ्त का सैंपल। किसी को ना कह नहीं पाता, इसलिए उठा लाता हूँ। घर में बीवी की गालियाँ सुनता हूँ सो अलग। इन किताबों ने घर को कबाड़खाना बना दिया है। अलमारी में तो सिर्फ़ मेरी अपनी लिखी किताबें और डिक्शनरी है, बाकी का यह कूड़ा-कचरा स्टोर रूम में सड़ने के लिए है।'" यह सुनना था कि हमारी आत्मा का शीशा तड़क कर टूट गया। हम जिसे प्रेम समझ रहे थे, वह तो महज एक लाचारी का बोझ था। कहानी में ट्विस्ट तब आया जब एक दिन स्टोर रूम के कबाड़ के बीच लेखक का चमचमाता हुआ स्मार्टफोन आकर गिरा। हम सबने उत्सुकता से पूछा, "भैया, तुम इतने कीमती होकर इस नर्क में कैसे?" स्मार्टफोन ने बड़े घमंड से अपनी स्क्रीन चमकाई और हँसकर बोला, "अरे ओ रद्दी के टुकड़ों! मेरी औकात की बराबरी मत करो। लेखक की बेटी ने मज़ाक में मुझे यहाँ छिपा दिया है। लेखक तो मुझसे अपनी बीवी-बच्चों से भी ज़्यादा प्यार करते हैं। दिन भर की उंगलियों की मसाज और रात भर का साथ सिर्फ़ मेरे नसीब में है। आजकल उनका लिखना, पढ़ना, सोचना, रील्स देखना सब मुझी पर होता है। तुम लोगों की ज़रूरत अब गुज़रे ज़माने की बात हो चुकी है। और सुनो, अभी थोड़ी देर पहले लेखक मुझसे ही रद्दीवाले से बात कर रहे थे। वह बस आता ही होगा, तुम सबकी इस घर से हमेशा के लिए छुट्टी होने वाली है।" स्मार्टफोन की यह डिजिटल ज़हर बुझी बातें सुनकर हमारे पन्नों का खून सूख गया। हमें समझ आ गया कि नए ज़माने के इस छोटे से गैजेट ने हम जैसे कागज़ी शेरों को हमेशा के लिए बेघर कर दिया है। रद्दीवाला हमारी दुनिया का यमराज होता है। जब वह अपनी बड़ी सी बोरी और तराज़ू लेकर आता है, तो स्टोर रूम की हवा में एक अजीब सी मौत की गंध तैरने लगती है। वह हमें किलोग्राम के भाव तौलता है, ठीक वैसे ही जैसे बूढ़े जानवरों को मंडियों में कसाई के हवाले किया जाता है। वह हमारी रीढ़ से जिल्द को अलग करेगा, हमारे पन्नों को फाड़ेगा और फिर हम किसी चाट वाले की दुकान पर समोसे का तेल सोखते हुए मिलेंगे या किसी पंसारी की दुकान पर दाल-चावल लपेटने के काम आएंगे। जो शब्द कभी किसी के दिल को छूने के लिए लिखे गए थे, वो अब किसी की ज़बान का स्वाद और तेल साफ़ करने के काम आएंगे। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिस काग़ज़ को कभी पवित्र माना जाता था, उसे आज चंद रुपयों के सिक्कों के लिए तौल दिया गया। यह हमारी अंतिम यात्रा की तैयारी थी, जहाँ कोई कफ़न भी नसीब नहीं होने वाला था, सिर्फ़ एक फटी हुई प्लास्टिक की बोरी थी, जिसमें हमें ठूंस-ठूंस कर भरा जाना था।अब जब रद्दीवाले की साइकिल की घंटी बाहर गली में सुनाई दे रही है, हम स्टोर रूम की सारी किताबें हाथ जोड़कर ईश्वर से एक आखिरी गुज़ारिश कर रही हैं। हे विधाता! अगले जन्म में हमें चाहे नाली का कीड़ा बना देना, किसी राह का पत्थर बना देना, या किसी नेता का चुनावी वादा बना देना जिसे कोई याद नहीं रखता पर भूलकर भी किसी लेखक की अलमारी की शोभा या काग़ज़ की किताब मत बनाना। इस डिजिटल युग में किताबों का ज़िंदा रहना, दरअसल उनकी धीमी और दर्दनाक मौत मरने जैसा है। हमारे पन्नों की यह सिसकी शायद किसी पाठक के कानों तक न पहुँचे, क्योंकि वे सब तो स्मार्टफोन की स्क्रीन पर 'स्क्रॉल' करने में व्यस्त हैं। हमारी अंतिम यात्रा शुरू हो चुकी है, तराज़ू के पलड़े पर हमारा वजूद तौला जा रहा है और लेखक महोदय बड़ी संतुष्टि से रद्दीवाले से मिले नोटों को गिन रहे हैं। वाह रे साहित्य! और वाह रे साहित्यकार!



# ये जिंदगी उसी की है, जो किसी का हो गया.....तिरछी चितवन से लोगों को दीवाना बनाने वाली एक्ट्रेस बीना राय

आलेख- प्रशांत शर्मा



ये जिंदगी उसी की है, जो किसी का हो गया, प्यार ही में खो गया, लता मंगेशकर का यह मशहूर गाना फिल्म अनारकली का है। इस गाने को जब भी याद किया जाएगा, फिल्म की नायिका बीना राय भी कहीं न कहीं जेहन में होंगी। बला की खूबसूरत बीना राय ने अनारकली के रोल में उस वक्त ऐसा रंग जमाया कि उनका कॅरिअर ऊंचाइयों पर पहुंच गया।

हालांकि इस फिल्म के कुछ साल बाद के. आसिफ ने मुगले आजम फिल्म में एक्ट्रेस मधुबाला ने अनारकली का रोल निभाया और बहुत से मामलों में यह फिल्म अनारकली से बेहतर साबित हुई। लेकिन नन्दलाल जसवंत लाल की फिल्म अनारकली और नायिका बीना राय को कभी भुलाया नहीं जा सकता और न ही सी. रामचंद्र के सुमधुर संगीत को। 1953 में बनी इस फिल्म में बीना राय के अपोजिट प्रदीप कुमार हीरो थे। तिरछी चितवन और खूबसूरत बोलती उनकी आंखों ने बहुत से दिलों को घायल किया था।

पांचवें दशक के आसपास की बात है। अठारह वर्षीया कृष्णा सरीन को निर्माता-निर्देशक किशोर साहू ने अपनी फिल्म काली घटा में दो अन्य युवतियों के साथ पेश किया। इन दो युवतियों में इंद्रा पांचाल किशोर साहू से झगड़ कर इस फिल्म के बाद बॉलीवुड ही छोड़ गई और दूसरी आशा माथुर ने चंद फिल्में करने के बाद निर्माता-निर्देशक मोहन सहगल से शादी कर ली। काली घटा में काम करने वाली युवती कृष्णा सरीन बाद में बीना राय के नाम से हीरोइन बनकर लंबे समय तक लोकप्रिय रहीं।

उनकी पहली फिल्म काली घटा ने अभिनय की दृष्टि से कोई कमाल नहीं किया, लेकिन मासूम चेहरे वाली बीना राय ने दर्शकों के दिल में अपनी एक जगह जरूर बना ली। इस फिल्म के तुरंत बाद ही बीना राय ने औरत फिल्म साइन की, जिसमें उनके नायक प्रेमनाथ थे। दरअसल, जिन दिनों औरत का निर्माण चल रहा था, प्रेमनाथ अपने जमाने की हीरोइन मधुबाला के साथ पहले से ही तीन-चार फिल्में कर रहे थे। पत्र-पत्रिकाओं के गॉसिप कॉलम प्रेमनाथ व मधुबाला के इश्क के चर्चे से भरे रहते थे। बहुत से लोगों को यह यकीन था कि प्रेमनाथ और मधुबाला जल्दी ही विवाह बंधन में बंध जाएंगे, लेकिन तभी औरत फिल्म ने अपना कमाल दिखाया और बीना राय की सादगी पर प्रेमनाथ मुग्ध हो गए। मधुबाला पीछे छूट गई। हालांकि मधुबाला से अलगाव की एक वजह थे उनके पिता पठान अताउल्लाह खां।

जिस समय बीना राय ने औरत की शूटिंग आरंभ की, वे बॉलीवुड के लिए बिल्कुल नई थीं , जबकि पृथ्वी थियेटर की देन अभिनेता प्रेमनाथ सन् 1948 में पहली गोवाकलर फिल्म अजीत में हीरो बनकर आए। जीजा राजकपूर ने उन्हें अपनी फिल्म आग और उसके बाद बरसात में लिया। इस फिल्म से वे चर्चा में आए और सफल नायकों में शुमार हो गए। औरत फिल्म की शूटिंग के दौरान प्रेमनाथ बीना राय का लंच शेयर करते।

उस समय शूटिंग के दौरान सभी का खाना निर्माता अरेंज करते थे, जो बाहर से आता था, लेकिन प्रेमनाथ उसे न खाकर बीना राय के लाए खाने को तवज्जो देते। धीरे-धीरे इस निकटता पर प्रेम का रंग चढ़ने लगा। शूटिंग के दौरान दोनों का ज्यादा वक्त साथ-साथ बीतता और उसके बाद घंटों फोन पर बातें होतीं। आखिरकार 1953 के अप्रैल में प्रेमनाथ बीना राय के पति बन गए। इस शादी ने बॉलीवुड को चौंका दिया। बीना राय के साथ ने प्रेमनाथ पर कुछ ऐसा जादू डाला कि वे पहली ही फिल्म में न सिर्फ दिल दे बैठे, बल्कि उन्हें दुल्हन बनाकर अपने घर भी ले आए। सच तो यह है कि यह वैवाहिक बंधन बीना राय के लिए बहुत लकी रहा। शादी के बाद फिल्म अनारकली में उनके किरदार ने देश भर के दर्शकों पर अपनी अमिट छाप छोड़ दी। बॉलीवुड के बहुत से लोगों का यह मानना था कि यदि बीना राय की शादी से पहले अनारकली रिलीज हुई होती, तो यह रिश्ता यूं न जुड़ता। न ही बीना राय इतनी शीघ्रता से दिलफेंक प्रेमनाथ के गले में वर माला डालतीं!



बीना राय के अनारकली बनने की कहानी भी दिलचस्प है। उन दिनों के. आसिफ ने अनारकली और सलीम की प्रेम कहानी पर आधारित फिल्म मुगल-ए-आजम की जोर-शोर से शुरुआत की थी। फिल्म में मधुबाला और दिलीप कुमार लीड रोल में थे। पर किसी न किसी कारण फिल्म की शूटिंग आगे बढ़ रही थी। इसी दौरान एक छोटे फिल्मकार नन्दलाल जसवंत लाल ने सलीम -अनारकली की कहानी को लेकर अनारकली फिल्म का निर्माण शुरू किया। सलीम बने प्रदीप कुमार और अनारकली का रोल बीना राय के हिस्से में आया। संगीत सी. रामचंद्र तैयार कर रहे थे। फिल्म जल्द बनकर तैयार हो गई और प्रदर्शन के साथ ही फिल्म ने हर मायने में अपना लोहा मनवा लिया। फिल्म के गाने और बीना राय की खूबसूरती ने फिल्म को हिट बना दिया। फिल्म के एक गाने मोहब्बत में ऐसे कदम लड़खड़ाए जमाने ने समझा हम पी के आये.. में नशे में झूमती अनारकली के रूप में बीना राय की अदाकारी दिलकश और गजब की थी। लोग इस एक गीत के लिए अनारकली को देखने बार-बार गये। उस समय बीना राय के माथे पर बालों की एक घूमती लट के साथ उनका पोस्टर काफी मशहूर हुआ था। 1954-55 में बीना राय को नागिन और देवदास फिल्मों के प्रस्ताव भी मिले थे, मगर बीना राय ने दोनों बड़े प्रस्ताव ठुकरा दिये। बाद में ये दोनों भूमिकाएं वैजयंतीमाला को मिल गयीं। इन दोनों फिल्मों ने वैजयंतीमाला को टॉप पर पहुंचा दिया था।

बीना राय और मधुबाला का अंतिम मुकाबला 1960 में हुआ, जब बीना राय को घूंघट और मधुबाला को मुगल-ए-आजम के लिए फिल्मफेयर में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की श्रेणी में नामित किया गया। उम्मीद की जा रही थी कि मधुबाला यह पुरस्कार जीतेंगी, पर यह पुरस्कार बीना राय को घूंघट में अपनी पारिवारिक भूमिका के लिए मिला।

बीना राय की एक और फिल्म ताजमहल 1963 में रिलीज हुई, जिसमें उनके हीरो एक बार फिर प्रदीप कुमार थे। फिल्म संगीत के लिहाज से भी लोकप्रिय रही। जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा, पांव छू लेने दो फूलों को इनायत होगी, ....जैसे गाने काफी पसंद किए गए। इस फिल्म में बीना राय मुमताज महल की भूमिका में थीं।

बीना राय की आखिरी फिल्म थी दादी मां, जो वर्ष 1966 में आई थी। इसके बाद उन्होंने हमेशा के लिए फिल्मी कैमरे को अलविदा कर दिया। अपने 18 साल के फिल्मी कॅरिअर में बीना राय ने केवल 28 फिल्में कीं, लेकिन उनका नाम उस दौर की सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्रियों में गिना जाता था।

शादी के बाद बीना ने अच्छी गृहणी की तरह अपना घर बार संभाला। पति की मौत के बाद उन्होंने बेटे प्रेमकिशन को अभिनेता बनने की प्रेरणा दी ,लेकिन प्रेमकिशन असफल अभिनेता साबित हुए। दूसरे बेटे मोंटी ने भी कुछेक फिल्में कीं। 6 दिसबंर, 2009 को बीना राय ने इस संसार से विदा ली।

### महादेव तालाब के पास नवजात का शव, जिला अस्पताल परिसर में युवक का शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

# बीजापुर में दो जगह शव मिलने से फैली सनसनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बीजापुर, 16 जुलाई।** जिला मुख्यालय बीजापुर में बुधवार को दो अलग-अलग स्थानों पर शव मिलने से हड़कंप मच गया। एक ओर कोतवाली थाना परिसर के सामने स्थित महादेव तालाब के पास नवजात शिशु का शव मिला, वहीं दूसरी ओर जिला अस्पताल की बाउंड्री से लगे डॉक्टरों के क्वार्टर परिसर के आसपास लगभग 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ।जानकारी मिलते ही दोनों स्थानों पर लोगों की भीड़ जुट गई। अस्पतालपारा के स्थानीय नागरिकों ने अज्ञात व्यक्ति का शव देख तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल नवजात शिशु और अज्ञात व्यक्ति की पहचान तथा उनकी मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। मालूम हो कि दो दिन पहले जिला अस्पताल बीजापुर से एक मरीज दिनेश वेक्को पिता मंगू उम्र 40, निवासी कोसापारा भोपालपटनम के लापता होने की शिकायत परिजनों द्वारा कोतवाली थाना भोपालपटनम में दर्ज कराई थी।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर पुजारी ने बताया कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि डॉक्टरों के क्वार्टर परिसर के आसपास जो अज्ञात शव मिला है वह शव उसी लापता मरीज का है या किसी अन्य व्यक्ति का। पुलिस जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे।जिला चिकित्सालय के मुख्य सर्जन डॉ रत्ना ठाकुर रामटेके ने बताया कि गुम हुए व्यक्ति के परिवारजनों से अज्ञात शव का शिनाख्त किया गया, लेकिन पहचान नहीं हुई है। डीएनए टेस्ट के परिणाम के बाद ही पता चल पायेगा।दो-दो शव मिलने की घटना से शहर में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा ने बताया कि छानबीन जारी है सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच किया जा रहा है। लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और जांच पूरी होने तक धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

## नक्सलवाद को संरक्षण देने वाली कांग्रेस का असली चेहरा एक बार फिर बेनकाब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 16 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकटेश्वर ने कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव पर दुर्दांत नक्सली कमांडर हिड़मा का कथित महिमामंडन करने का आरोप लगाते हुए कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ऐसा बयान छत्तीसगढ़ में नक्सल हिंसा में शहीद हुए जवानों और प्रभावित परिवारों का अपमान है।जी. वेंकटेश्वर ने बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस विधायक को अपने कथित बयान के लिए जनता और शहीदों के परिवारों से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से भी स्पष्ट करने की मांग की कि क्या वह अपने विधायक के इस कथित कृत्य के साथ खड़ा है।भाजपा नेता ने कहा कि हिड़मा पर झीरम घाटी हमला, ताड़मेटला और बीजापुर-सुकमा क्षेत्र में कई बड़े नक्सली हमलों का मास्टरमाइंड होने के आरोप रहे हैं। ऐसे व्यक्ति का किसी भी रूप में महिमामंडन करना लोकतंत्र, शांति और सुरक्षा बलों के बलिदान का अपमान है।उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं के कुछ बयान नक्सलवाद के प्रति नरमी या हमदर्दी दर्शाते हैं। जी. वेंकटेश्वर ने कहा कि भाजपा सरकार बस्तर में विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है और नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, जबकि विपक्ष के कुछ बयान गलत संदेश देते हैं।भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने कांग्रेस आलाकमान से मांग की कि यदि वह विधायक के कथित बयान से सहमत नहीं है तो उस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि यदि अटल श्रीवास्तव सार्वजनिक रूप से बिना शर्त माफी नहीं मांगते हैं, तो भाजपा इस मुद्दे को सड़क से लेकर सदन तक उठाएगी। इस संबंध में कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव की प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी है।

## एक नजर

### कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर, 16 जुलाई।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी बीजापुर में केन्द्र शासन एवं राज्य शासन के विभिन्न योजनांतर्गत जिले के युवाओं को जल जीवन मिशन योजनांतर्गत जल वितरण संचालक एवं असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन (बिजली मिस्त्री प्रशिक्षण) में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण (जिसमें आवास के सुविधा के साथ-साथ प्रातः नाश्ता एवं दोपहर/रात्रि भोजन की सुविधा) प्रदाय करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के साथ ही कम्प्यूटर एवं व्यक्तिव निर्माण की निःशुल्क सामान्य कक्षा भी प्रदाय की जाती है। जो कि सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक होती है। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार/स्वरोजगार से जोड़ा जावेगा। उक्त कोर्स में आवेदन करने हेतु कम से कम 8 वीं कक्षा उर्तीण एवं 18 से 45 वर्ष तक आयु होना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदकों का कॉउसलिंग 23 जुलाई 2026 को जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, बीजापुर (एजुकेशन सिटी, ज्ञानगुडी) में आयोजन किया गया है। इच्छुक आवेदक 9201340598, 6260010268 एवं 9399629552 में संपर्क कर अथवा वाट्सएप्प मैसेज के माध्यम से पंजीयन करवा सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है।

### स्वास्थ्य विभाग में 16 पदों के लिए वॉक इंन इंटरव्यू 21 से 27 जुलाई तक

**बीजापुर 16 जुलाई।** स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं में वित्तीय वर्ष 2026-27 (मार्च 2027) तक के लिए स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संचालन हेतु रिक्त पदों के विरूद्ध स्थानीय स्तर पर भर्ती किया जाना है इस हेतु बायो मेडिकल इंजिनियर, हॉस्पिटल कंसल्टेंट, पब्लिक हेल्थ् कंसलटेंट, दंत चिकित्सक, फिडिंग डिमोस्ट्रेटर, ड्रेसर एवं वाहन चालक के लिए कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बीजापुर में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है। वहीं बायो मेडिकल इंजिनियर, हॉस्पिटल कंसल्टेंट, पब्लिक हेल्थ् कंसलटेंट के लिए वॉक इंन इंटरव्यू 21 जुलाई को आयोजित होगी। इसी तरह दंत चिकित्सक के लिए 23 जुलाई को। फिडिंग डिमोस्ट्रेटर एवं ड्रेसर के लिए 24 जुलाई को तथा वाहन चालक के लिए 27 जुलाई को आयोजित होगी। आवश्यक अर्हता रखने वाले इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार वॉक इन इंटरव्यू में शामिल हो सकते है।

### महतारी वंदन की राशि से चंदा ने तुपकी निर्माण कर बस्तर गोंचा पर्व की तैयारी की

**जगदलपुर, 16 जुलाई।** बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराएं केवल उत्सवों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यहां के लोगों की आजीविका और आत्मनिर्भरता से भी गहराई से जुड़ी हुई हैं। बस्तर के पारंपरिक बस्तर गोंचा पर्व की तैयारियां इन दिनों पूरे उत्साह के साथ चल रही हैं। इसी क्रम में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। जगदलपुर विकासखंड के ग्राम मांझीगुडा निवासी श्रीमती चंदा ने, जिन्होंने महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का सदुपयोग करते हुए पारंपरिक बस्तर गोंचा पर्व में भगवान श्रीजगन्नाथ के सलामी के लिए चलाये जाने वाले तुपकी के निर्माण का कार्य में उपयोग किया है।चंदा अपने पति चिगड़ू और परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर साल में एक बार आयोजित होने वाले बस्तर गोंचा पर्व के लिए बड़ी संख्या में तुपकी तैयार कर रही हैं। बस्तर गोंचा पर्व के दौरान इन तुपकियों की अच्छी मांग रहती है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त होती है और परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूती मिलती है।तुपकी बांस से बनाया जाने वाला एक पारंपरिक ध्वनि उत्पन्न करने वाला यंत्र है, जिसमें मलकांगनी की लता के बीज (पेंगू) का इस्तेमाल कर बन्दूक की आवाज निकलती है। बस्तर गोंचा पर्व में जब भगवान श्रीजगन्नाथ की रथयात्रा निकलती है, तब श्रद्धालु इसी तुपकी से ध्वनि कर रथ को पारंपरानुसार सलामी देते हैं।

## जनता की आवाज उठाने वाले सरपंच को हटाना लोकतंत्र पर सीधा हमला: तुलिका कर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा,16 जुलाई।** महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने ग्राम पंचायत बड़े लखापाल के सरपंच दिनेश मरकाम को पद से हटाए जाने की कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था और पंचायती राज संस्थाओं की भावना के विरुद्ध बताया है। उन्होंने कहा कि एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि यदि अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं और बच्चों के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर आवाज़ उठाता है, तो उसे दंडित करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और अलोकतांत्रिक है।

तुलिका कर्मा ने कहा कि बड़े लखापाल क्षेत्र के लोग लंबे समय से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय को पुनः गांव में संचालित किए जाने की मांग कर रहे हैं। यह केवल किसी एक व्यक्ति का मुद्दा नहीं, बल्कि क्षेत्र की बेटियों की शिक्षा, ग्रामीणों की सुविधा और पूरे क्षेत्र के हित से जुड़ा विषय है। यदि इस जनभावना के समर्थन में सरपंच दिनेश मरकाम ने लोकतांत्रिक तरीके से रैली या प्रदर्शन में भाग लिया, तो इसे पदीय दुरुपयोग बताकर उन्हें पद से हटाना जनभावनाओं का अपमान है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार ऐसी परिस्थितियां बनाई जा रही हैं, जहां जनप्रतिनिधियों को जनता की आवाज़ उठाने से रोका जा रहा है। पंचायतों को लोकतंत्र की सबसे मजबूत इकाई माना जाता है, लेकिन आज निर्वाचित सरपंचों और जनप्रतिनिधियों पर दबाव बनाकर उनकी आवाज़ दबाने का प्रयास किया जा रहा है। यदि कोई जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के विकास और जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष भी नहीं कर सकता, तो फिर लोकतांत्रिक व्यवस्था का क्या औचित्य रह जाता है।

तुलिका कर्मा ने कहा कि प्रशासन को दमनात्मक कार्रवाई करने के बजाय जनता की मांगों और समस्याओं का समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने वालों को निशाना बनाना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। सरकार और प्रशासन को इस पूरे मामले की निष्पक्ष समीक्षा करते हुए सरपंच दिनेश मरकाम को तत्काल उनके पद पर बहाल करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन इस निर्णय पर पुनर्विचार नहीं करता और दिनेश मरकाम को शीघ्र ही उनके सरपंच पद पर बहाल नहीं किया जाता, तो सरपंच संघ, पंचगण, जनपद एवं जिला पंचायत के जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर दंतेवाड़ा कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ने ली समीक्षा बैठक एवं प्रेस-वार्ता



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 16 जुलाई।** छत्तीसगढ़ योग आयोग के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बीजापुर के एक दिवसीय प्रवास के दौरान आश्रम एवं छात्रावासों के लिए नियुक्त योग प्रशिक्षकों की समीक्षा बैठक लेकर योग को जन-जन तक पहुंचाने की कार्ययोजना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बस्तर में योग को जनआंदोलन का स्वरूप देकर प्रत्येक व्यक्ति तक इसके लाभ पहुंचाना आयोग की प्राथमिकता है।

सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में संजय अग्रवाल ने कहा कि ÷नक्सल मुक्त बस्तर अब योग युक्त बस्तर बनेगा।÷ उन्होंने बताया कि बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों के साथ-साथ गर्भवती माताओं को भी प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के माध्यम से नियमित योगाभ्यास कराया जाएगा। योग न केवल स्वस्थ एवं निरोग जीवन का आधार है, बल्कि गर्भवती महिलाओं के लिए सामान्य प्रसव में भी सहायक सिद्ध होता है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान शिक्षा सत्र से विद्यालयों में योग को अधिक प्रभावी ढंग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों में अनुशासन, एकाग्रता और स्वस्थ जीवनशैली का विकास हो सके। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में योग वाटिकाओं का निर्माण कर प्रत्येक नागरिक को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया जाएगा।इस दौरान डॉ मनोज पाणिग्रही राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति, राम मणि शुक्ल जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति रायपुर, ईला हरि राव राज्य कार्यकारी भारत स्वाभिमान न्यास रायपुर प्रभारी जिला आयुष अधिकारी डॉ राकेश ठाकुर एवं अन्य अतिथिगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## घर पहुँचकर की गई केवाईसी तो आग से झुलसी महिला को मिला महतारी वंदन योजना का लाभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 16 जुलाई ।** विकासखंड कुआकोंडा के ग्राम पंचायत कडमपाल (गायतापारा) में कॉमन सर्विस सेंटर (ष्टस्ष्ट) द्वारा मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए आग से झुलसी एक पीड़ित महिला को उनके घर पहुँचकर सरकारी योजना का लाभ दिलाया गया।ष्टस्ष्ट के जिला प्रबंधक मिथलेश साहू एवं ष्टस्ष्ट वीएलई जनार्दन बेश्रा ने आग से झुलसी लगभग 56 वर्षीय श्रीमती बोदे, जिनके लिए घर से बाहर निकलना संभव नहीं था, के निवास पर जाकर महतारी वंदन योजना के अंतर्गत आवश्यक चङ्घ्ष्ट की प्रक्रिया पूरी की।चङ्घ्ष्ट पूर्ण होने के बाद श्रीमती बोदे को योजना का लाभ सुनिश्चित किया गया। ष्टस्ष्ट की इस पहल ने यह संदेश दिया कि सरकारी सेवाओं को जरूरतमंद और असहाय लोगों तक पहुँचाना ही जनसेवा का वास्तविक उद्देश्य है। स्थानीय लोगों ने इस मानवीय एवं सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

### सेवा सेतु पोर्टल के जरिए एक ही दिन में हुआ निराकरण

**कांकेर, 16 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ शासन की जनहितकारी पहल सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को समयबद्ध, पारदर्शी और सुलभ सेवाएं प्रदाय कराई जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम तेलावट निवासी श्री बसंत कुमार साहू ने अपनी तीन वर्षीय बेटी गेश्रीका का नाम राशन कार्ड में जोड़ने के लिए सेवा सेतु पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया। आवेदन के अगले ही दिन उनकी बेटी का नाम राशन कार्ड में जोड़ दिया गया।राशन कार्ड की अद्यतन प्रति जिला कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर ने आवेदक श्री साहू को अपने हाथों से प्रदान की। त्वरित कार्रवाई से प्रसन्न बसंत कुमार साहू ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से अब सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ते।

### स्वयंसेवी गतिविधियों, नेतृत्व निर्माण और राष्ट्रहित में माय भारत अभियान को मिल रही गति : कलेक्टर

**बीजापुर, 16 जुलाई।** जिला सभाकक्ष में कलेक्टर विश्वदीप की अध्यक्षता में माय भारत जिला सलाहकार समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में माय भारत अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने, अंदरूनी एवं दूरस्थ क्षेत्रों के अधिक से अधिक युवाओं को पोर्टल से जोड़ने तथा विभिन्न विभागों के समन्वय से अभियान को गति देने पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में जिला युवा अधिकारी श्री आदित्य पांडेय ने माय भारत की अवधारणा, उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए युवाओं के सशक्तिकरण, नेतृत्व विकास, स्वयंसेवा की भावना तथा राष्ट्र निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।कलेक्टर विश्वदीप ने निर्देश दिए कि जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जाए।

## नवपदस्थ जिपं सीईओ एम. भार्गव ने बस्तर मुन्ने शिविर का किया निरीक्षण



**दंतेवाड़ा, 16 जुलाई ।** जिले के नव पदस्थ जिला पंचायत सीईओ श्री एम. भार्गव ने ग्राम पंचायत मेटापाल क्रमांक-2 में आयोजित बस्तर मुन्ने शिविर का निरीक्षण कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया, ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा सेवा वितरण व्यवस्था की समीक्षा की।

सीईओ श्री भार्गव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि बस्तर मुन्ने शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने आधार कार्ड निर्माण एवं संशोधन, आयुष्मान कार्ड पंजीयन, श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), जाति प्रमाण पत्र तथा महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न सेवाओं में तेजी लाने और पात्र हितग्राहियों को बिना विलंब लाभ पहुंचाने को कहा।निरीक्षण के दौरान सीईओ श्री भार्गव ने पाया कि कौशल विकास विभाग द्वारा हितग्राहियों के लिए आवश्यक आवेदन प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराए गए थे। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सभी आवेदन प्रपत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा शिविर में मतदाता सूची उपलब्ध नहीं रखने पर भी उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए आवश्यक दस्तावेज तत्काल उपलब्ध कराने तथा निर्वाचन संबंधी सेवाएं सुचारू रूप से प्रदान करने के निर्देश दिए।

## बेहतर महिला सुरक्षा के लिए पिंक पेट्रोलिंग अभियान शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 16 जुलाई।** दुर्ग जिले में महिलाओं, छात्राओं और बालिकाओं की सुरक्षा को और अधिक अभेद्य बनाने के लिए दुर्ग पुलिस ने एक बेहद महत्वपूर्ण कदम उठाया है। गुरुवार को भिलाई के सेक्टर-06 स्थित पुलिस कंट्रोल रूम से पिंक पेट्रोलिंग अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर पिंक पेट्रोलिंग की 14 विशेष टीमों को जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के लिए रवाना किया। यह पहल सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के उद्देश्य से की गई है हर टीम में पीएसआई प्रभारी महिला सुरक्षा को प्रभावी बनाने के लिए तैयार की गई इस विशेष योजना के तहत जिले के 13 थाना क्षेत्रों और 01 रक्षा टीम को मिलाकर कुल 14 विशेष पिंक पेट्रोलिंग टीमों का गठन किया गया है। पुलिस विभाग के अनुसार, प्रत्येक पेट्रोलिंग टीम की कमान एक पीएसआई (उप निरीक्षक) के हाथों में होगी, जिनके साथ चार मुस्तैद पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। ये टीमें संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतत गश्त करेंगी और किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में महिलाओं, बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों को त्वरित सहायता प्रदान करेंगी स्कूल-कॉलेज और सार्वजनिक स्थलों पर रहेगी पैनी नजर पिंक पेट्रोलिंग टीमों का मुख्य फोकस उन स्थानों पर होगा जहां महिलाओं और छात्राओं की आवाजाही सबसे अधिक होती है। इसके तहत स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्थानों के खुलने तथा छुट्टी होने के समय यह टीमें विशेष रूप से पेट्रोलिंग करेंगी। सार्वजनिक स्थलों जैसे पार्क, गार्डन, बाजार, मॉल, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित गश्त की जाएगी। डायल-112 और महिला हेल्पलाइन के जरिए प्राप्त होने वाली शिकायतों पर यह टीमें तत्काल मौके पर पहुंचकर एक्शन लेंगी राह चलती महिलाओं से छेड़छाड़ करने वाले मनचलों और संदिग्धों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और उनके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी? डीएसपी भारती मरकाम और डीएसपी आकर्षि कश्यप संभालेंगी कमान सुरक्षा देने के साथ-साथ यह विशेष टीम महिलाओं और बालिकाओं के बीच जाकर उन्हें कानूनन अधिकारों और आपातकालीन नंबरों के प्रति जागरूक भी करेगी। इसमें महिला हेल्पलाइन नंबर 1091, आपातकालीन सेवा नंबर 112 और साइबर ठगी से बचने के लिए हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी जाएगी। इस पूरे अभियान के बेहतर समन्वय और प्रभावी मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी विशेष रूप से इस महत्वपूर्ण शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर सहित जिले के तमाम राजपत्रित पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और छात्राओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, छेड़छाड़ या उत्पीड़न की घटना होने पर बिल्कुल न घबराएं। ऐसी स्थिति में तुरंत डायल-112 या महिला हेल्पलाइन 1091 पर संपर्क करें। दुर्ग पुलिस हर सूचना पर त्वरित एवं कड़ी वैधानिक कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### अब भगवान राम के नाम पर जुटाया गया चंदा भी बीजीपी-आरएसएस की राजनीतिक लूट का शिकार हो गया

# राम मंदिर चंदा चोरीःआस्था के नाम पर राजनीति, चढ़ावे के नाम पर लूट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



दंतेवाड़ा, 16 जुलाई । आज जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पत्रकार वार्ता को पूर्व विधायक नारायणपुर चंदन कश्यप द्वारा संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर चंदा चोरीः आस्था के नाम पर राजनीति, चढ़ावे के नाम पर लूट अब भगवान राम के नाम पर जुटाया गया चंदा भी बीजीपी-आरएसएस की राजनीतिक लूट का शिकार हो गया।

उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम करोड़ों भारतीयों की आस्था, संस्कृति और नैतिक चेतना के प्रतीक हैं। देश के कोने-कोने से गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं और श्रद्धालु अपनी मेहनत की कमाई, अपने गहने, अपनी बचत और अपनी श्रद्धा लेकर राम मंदिर निर्माण के लिए आगे आए। भाजपा, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और संघ परिवार के संगठनों ने लगभग तीन दशकों तक भगवान राम के नाम पर राजनीति की, देश के गरीब व मध्यम वर्ग से राम के नाम पर चंदा एकत्र किया और इसी आंदोलन के आधार पर सत्ता प्राप्त की। कश्यप ने कहा आज वही करोड़ों रामभक्त यह पूछने को मजबूर हैं कि भगवान राम के नाम पर जुटाया गया चंदा और चढ़ावा आखिर किसके संरक्षण में लूटा गया? यह केवल आर्थिक घोटाला नहीं है। यह करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास और भावनाओं के साथ किया गया घोर विश्वासघात है।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राम द्रोही है, उसने पहले चंदा में हेराफेरी करवाया अब चढ़ावा में चोरी। भाजपा ने राम मंदिर के निर्माण के समय रामशिला पूजन के नाम से जो 14000 करोड़ रू. से अधिक राशि एकत्रित हुआ था। उसका जवाब आरएसएस एवं भाजपा के लोग नहीं दे पाये। उनके ही सहयोगी नेताओं ने ही राम मंदिर निर्माण के समय एकत्रित किये चंदे का आरोप लगाया था। जिन लोगों ने मंदिर बनाने के नाम पर चंदा में हेराफेरी किया था वही लोग मंदिर बनने के बाद चढ़ावे में हेराफेरी करने लगे, इन सबकी पृष्ठ भूमि आरएसएस और भाजपा की रही है। कहा जा सकता है इन घोटालों को आरएसएस भाजपा का संरक्षण रहा है। भाजपा ने देवद्रव्य चोरी करने के महापाप का संरक्षण किया है। राम मंदिर न्यास ट्रस्ट का गठन गृहमंत्री अमित शाह ने किया था इसलिए वहां पर घोटाले की नैतिक जिम्मेदारी मोदी और शाह की बनती है। जब ट्रस्ट का गठन प्रधानमंत्री की देखरेख में हुआ, तो इस घोटाले की जवाबदेही कौन लेगा। अगर सब कुछ ठीक था, तो चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे क्यों हुए अगर कुछ गलत नहीं हुआ, तो सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच से डर किस बात पूर्व विधायक श्री चंदन कश्यप ने कहा कि अब तक सामने आए तथ्य अत्यंत गंभीर हैं- श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के तत्कालीन महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्र के इस्तीफे स्वीकार किए जा चुके हैं। यह स्वयं इस बात का संकेत है कि मामला सामान्य प्रशासनिक त्रुटि का नहीं, बल्कि एक बड़े घोटाले का है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी ने स्वयं सार्वजनिक रूप से बयान दिए हैं, जबकि ट्रस्ट की वित्तीय निगरानी, पारदर्शिता और संपत्तियों की सुरक्षा की सर्वोच्च जिम्मेदारी उन्हीं की थी।मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ट्रस्ट के विशिष्ट आमंत्रित सदस्य गोपाल राव (गोपाल नगरकोटे) को हटाए जाने और उनकी स्थिति को लेकर भी गंभीर भ्रम और विरोधाभास सामने आए हैं। आरएसएस के पूर्वी उत्तर प्रदेश प्रभारी कृष्णमोहन को ट्रस्ट का नया महासचिव बनाया गया है, जबकि उन पर पूरे प्रकरण को दबाने और लीपापोती करने के आरोप सार्वजनिक रूप से लगाए जा चुके हैं।यह जग जाहिर है कि ट्रस्ट के प्रशासनिक ढांचे और शीर्ष नियुक्तियों में प्रधानमंत्री कार्यालय की सक्रिय भूमिका रही है। ऐसे में केंद्र सरकार अपनी जवाबदेही से स्वयं को अलग नहीं कर सकती। एसआईटी अब राम मंदिर के बड़े आयोजनों के खर्चों की भी जांच कर रही है। 22 जनवरी 2024 की प्राण-प्रतिष्ठा पर लगभग 113 करोड़ रू. खर्च किए गए, जिसमें लगभग 8,000 अतिथि शामिल हुए 25 नवंबर 2025 के ध्वजारोहण कार्यक्रम पर लगभग 10.12 करोड़ रू. खर्च किए गए। फर्जी रसीदों, नकद चढ़ावे, लेखा-जोखा और कथित हेराफेरी के अनेक आरोप सामने आए हैं। छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है, जबकि ट्रस्ट के शीर्ष पदाधिकारियों की जवाबदेही अब तक तय नहीं हुई है।यही नहीं, भाजपा-आरएसएस ने न प्रभु श्री राम के चंदे को छोड़ा और ना ही अब उत्तराखंड के श्री बद्रीनाथ मंदिर से जुड़े हालिया दान घोटाले ने भी यह प्रश्न खड़ा किया है किकोई प्रेस कॉन्फ्रेंस इस सच्चाई पर पर्दा नहीं डाल सकती कि सीसीटीवी निगरानी, बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था और प्रभावशाली लोगों के संरक्षण के बिना इतने बड़े स्तर पर यह कथित घोटाला संभव नहीं हो सकता।

## एक नजर

### बरसात में बढ़ता है सर्पदंश का खतरा, समय पर इलाज से बचाई जा सकती हैं जानें

**रायगढ़, 15 जुलाई ।** जिले में सर्पदंश से बचाव एवं जागरूकता के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में लोगों को सर्पदंश से बचाव और समय पर उपचार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बरसात के मौसम में खेत, खलिहान, बाड़ी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सांपों के निकलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे सर्पदंश के मामलों में भी वृद्धि होती है। स्वास्थ्य विभाग के लगातार प्रयासों और ग्राम स्तर पर चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों का सकारात्मक असर अब दिखाई देने लगा है। लोगों में अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता बढ़ी है और अब सर्पदंश होने पर झाड़-फूंक, बेगा-गुनिया या घरेलू उपचार के बजाय सीधे अस्पताल पहुंचने की प्रवृत्ति बढ़ी है।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि सर्पदंश के मामलों में समय पर अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को एंटी-स्नेक वेनम एवं आवश्यक चिकित्सकीय उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे अनेक लोगों की जान बचाई जा रही है। विभाग ने आमजन से अपील की है कि सर्पदंश की स्थिति में किसी भी प्रकार की झाड़-फूंक या घरेलू उपचार में समय बिल्कुल भी बर्बाद न करें और मरीज को तत्काल नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुंचाएं, क्योंकि वैज्ञानिक एवं चिकित्सकीय उपचार ही जीवन बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा ने बरसात के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह भी दी है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण-आवास प्लस 2.0 की स्थायी प्रतीक्षा सूची पर दावा-आपत्ति आमंत्रित

**रायगढ़, 16 जुलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वे-2024 की प्रक्रिया के तहत जिला रायगढ़ के सभी जनपद पंचायतों द्वारा दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने संबंधी सूचना जारी की गई है। योजना के अंतर्गत जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन कर आवास प्लस 2.0 सर्वे-2024 के आधार पर तैयार स्थायी प्रतीक्षा सूची का वाचन एवं अनुमोदन किया गया। साथ ही पात्र हितग्राहियों का प्राथमिकता निर्धारण, दर्ज जानकारी का सत्यापन तथा आवश्यक कार्यवाही भी संपादित की गई।यदि किसी व्यक्ति अथवा परिवार को ग्राम सभा द्वारा लिए गए निर्णय, स्थायी प्रतीक्षा सूची में दर्ज जानकारी अथवा अन्य संबंधित बिंदुओं के संबंध में कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करनी है, तो वे 16 से 22 जुलाई 2026 तक कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से सायं 5.30 बजे के मध्य जनपद पंचायत कार्यालय अथवा संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समयावधि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा-आपत्ति संबंधी आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इसलिए संबंधित हितग्राही समय सीमा के भीतर अपना आवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

### तेन्दूपत्ता संग्राहकों को प्रोत्साहन पारिश्रमिक बोनस राशि का वितरण शुरू

**कांकेर, 16 जुलाई ।** तेन्दूपत्ता संग्रहण सीजन 2023 के लिए जिले के तेन्दूपत्ता संग्राहकों को प्रोत्साहन पारिश्रमिक (बोनस) राशि का वितरण शुरू किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित कांकेर, पूर्व एवं पश्चिम भानुप्रतापपुर के अंतर्गत बोनस राशि का भुगतान किया जा रहा है। सीजन 2023 में जिले की 104 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के 01 हजार 248 संग्रहण केन्द्रों के माध्यम से तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य सम्पन्न किया गया। इस दौरान 86 हजार 889 संग्राहकों द्वारा 1,48,110.625 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया गया। जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित कांकेर, भानुप्रतापपुर पूर्व एवं भानुप्रतापपुर पश्चिम अंतर्गत कुल 104 समितियों में से 84 लाभ अर्जित करने वाली समितियों के 84 हजार 658 तेन्दूपत्ता संग्राहकों को 33 करोड़ 26 लाख 38 हजार 657 रुपये की प्रोत्साहन पारिश्रमिक (बोनस) राशि का भुगतान किया जाएगा।

---

करीब 150 किसानों ने खरीफ सीजन में बोया ढेंचा, 80 प्रतिशत तक रासायनिक उर्वरकों की बचत की संभावना

# लैलूंगा में हरी खाद के प्रति बढ़ा किसानों का रुझान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 16 जुलाई ।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा जिले में खेती को अधिक टिकाऊ एवं कम लागत वाला बनाने के उद्देश्य से किसानों को हरी खाद के उपयोग के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर किसानों को ढेंचा सहित अन्य हरी खाद वाली फसलों की जानकारी दे रहे हैं। किसानों को ढेंचा की बुवाई, खेत में उसके उपयोग, मिट्टी पर पड़ने वाले प्रभाव तथा रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता कम करने में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से समझाया जा रहा है।

इसी अभियान का सकारात्मक परिणाम लैलूंगा विकासखंड में देखने को मिल रहा है। इस खरीफ सीजन में विकासखंड के लगभग 150 किसानों ने अपने खेतों में ढेंचा की बुवाई की है। किसान इसे हरी खाद के रूप में उपयोग करेंगे, जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के साथ-साथ खेती की लागत कम करने में भी सहायता मिलेगी।



### खेत में ही तैयार होगी प्राकृतिक हरी खाद

ढेंचा एक दलहनी हरी खाद वाली फसल है। इसकी बुवाई के 40 से 45 दिनों बाद इसे खेत में पलट दिया जाता है। सड़ने-गलने के बाद यह प्राकृतिक खाद का रूप ले लेती है, जिससे मिट्टी में जैविक कार्बन एवं नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ती है। इसके साथ ही भूमि की संरचना में सुधार होता है, जलधारण क्षमता बढ़ती है तथा फसलों को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराने में मदद मिलती है।

### रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता होगी कम

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार हरी खाद के रूप में ढेंचा का उपयोग करने से रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता में लगभग 80 प्रतिशत तक कमी लाई जा सकती है। इससे किसानों को उर्वरकों पर होने वाले खर्च में कमी आने के साथ मिट्टी की उर्वराशक्ति को बनाए रखने में भी सहायता मिलती है। लगातार रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से प्रभावित भूमि के लिए भी हरी खाद एक उपयोगी विकल्प माना जाता है।

### कम लागत में बेहतर खेती की दिशा में प्रयास

हरी खाद का उपयोग खेती की लागत कम करने के साथ-साथ भूमि की उत्पादक क्षमता को बनाए रखने में भी सहायक है। इसी उद्देश्य से किसानों को खेत स्तर पर तकनीकी मार्गदर्शन दिया जा रहा है, ताकि वे खेती में हरी खाद का अधिक से अधिक उपयोग कर सकें। विभाग द्वारा किसानों को समय-समय पर प्रशिक्षण, खेत भ्रमण और तकनीकी सलाह भी उपलब्ध कराई जा रही है।

### अन्य किसानों को भी किया जा रहा प्रेरित

लैलूंगा विकासखंड में ढेंचा की खेती करने वाले किसानों के अनुभवों को अन्य किसानों तक भी पहुंचाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक किसान हरी खाद का उपयोग अपनाएं। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने तथा संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन के लिए हरी खाद का अधिकाधिक उपयोग करें।

---

# 14 सितंबर से सुर, ताल और घुंघरुओं की झंकार से गूंजेगा 41 वें चक्रधर समारोह का मंच



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 16 जुलाई।** जिले की सांस्कृतिक पहचान और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक 41 वें चक्रधर समारोह-2026 इस वर्ष 14 से 23 सितंबर 2026 तक स्थानीय रामलीला मैदान में आयोजित होगा। दस दिवसीय इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सांस्कृतिक आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित और यादगार बनाने के लिए आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलाकार चयन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कलाकारों के चयन, कार्यक्रम की रूपरेखा तथा आयोजन की प्रशासनिक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि चक्रधर समारोह केवल शास्त्रीय कला का मंच नहीं, बल्कि रायगढ़ और छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने निर्देश दिए कि इस वर्ष आयोजन में स्थानीय कलाकारों, नवोदित प्रतिभाओं तथा छत्तीसगढ़ की लोक कला एवं लोक संस्कृति को विशेष स्थान दिया जाए, ताकि क्षेत्रीय सांस्कृतिक विरासत का प्रभावी प्रदर्शन हो सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित कलाकारों के साथ-साथ रायगढ़ और प्रदेश के लोक कलाकारों को भी पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। छत्तीसगढ़ी लोकगीत, लोकनृत्य, पारंपरिक सांस्कृतिक विधाओं तथा स्थानीय प्रतिभाओं की प्रस्तुति समारोह का विशेष आकर्षण होगी। इससे प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान मिलेगी। समारोह के दौरान शास्त्रीय गायन, वादन, नृत्य, लोक कला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का संतुलित कार्यक्रम तैयार करने पर समिति ने विस्तार से विचार-विमर्श किया। विशेषज्ञों ने कार्यक्रमों की समय-सारिणी, प्रस्तुति की गुणवत्ता तथा दर्शकों की रुचि को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिन्हें आयोजन की अंतिम रूपरेखा में शामिल किया जाएगा।बैठक में मोती महल रायगढ़ (राज परिवार) से श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं सुश्री उर्वशी देवी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे, एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, सहायक कलेक्टर श्री गोकुल आर.के., संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल, प्रो. अम्बिका वर्मा, प्रदेश संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ श्री अनुपम पाल, कलाकार श्री भूपेन्द्र बरेठ तथा प्राचार्य श्री राजेश डेनियल सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं को लेकर विभागों को मिले निर्देशबैठक में रामलीला मैदान में मंच निर्माण, आकर्षक सज्जा, दर्शक दीर्घा, ध्वनि एवं प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता तथा अन्य जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए संबंधित विभागों को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

### शासकीय उच्च प्राथमिक शाला जोरातराई (अ) में सावित्री देवांगन बनी शाला विकास समिति अध्यक्ष

**अंवरी,16 जुलाई।** कुरुद विकासखंड के ग्राम जोरातराई अ के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला जोरातराई में दिनांक 14 जुलाई को शाला विकास समिति गठन करने के लिए समस्त पालकों का मिटिंग रखा गया था, जिसमें समस्त पालकों द्वारा सावित्री देवांगन को शाला विकास समिति अध्यक्ष चुना गया, साथ में नरेंद्र साहू को उपाध्यक्ष, मानसिंह साहू को शिक्षाविद एवं ईश्वर निषाद (उपसरपंच) को पंचायत प्रतिनिधि चुना गया। इनके अतिरिक्त चिंता राम निषाद, प्रमोद तुर्काने, राजेंद्र साहू,दिनेश साहू,राजिम बाई,यामिनी यदु, बिमला निषाद, इन्दुमती साहू,रूपकुमारी साहू, जीवन बाई साहू एवं सोनम बाई साहू को शाला विकास समिति सदस्य चुना गया।

इन सबके शाला विकास समिति सदस्य चुने जाने पर ग्राम पंचायत जोरातराई के सरपंच श्रीमति पूर्णिमा साहू ,गांव के वरिष्ठ नागरिकों में रामस्वरूप साहू, नन्द कुमार बनपेला, देवेंद्र साहू, एवं अन्य ग्रामीणों एवं प्रधानपाठक यशवंत साहू, शिक्षकों द्वारा सभी शुभकामनाएं दिया गया।

---

## समाचार संक्षेप

### जीरामजी योजना बनी ग्रामीण महिलाओं की आजीविका का मजबूत आधार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 16 जुलाई।** जिले में संचालित वीबी-जीराम जी योजना ग्रामीण आजीविका को नई दिशा देने के साथ-साथ जल संरक्षण के क्षेत्र में भी प्रभावी परिणाम दे रही है। विकासखंड पुसौर की ग्राम पंचायत बिंझकोट के ग्राम नावापाली में योजना के तहत संचालित गेबियन निर्माण कार्य से महिलाओं को गांव में ही रोजगार मिल रहा है। इससे उनकी आय बढ़ी है और परिवार की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है। वीबी-जीराम जी योजना के अंतर्गत गांव में जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। गेबियन निर्माण में बड़ी संख्या में महिला श्रमिक कार्य कर रही हैं। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पत्थरों से बनाए जा रहे ये गेबियन वर्षा जल के संरक्षण, मृदा कटाव रोकने तथा भू-जल स्तर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही योजना ग्रामीण परिवारों के लिए आय का भी सशक्त माध्यम बन रही है।ग्राम नावापाली की सविता साहू बताती हैं कि पहले वे मनरेगा के तहत कार्य करती थीं, जहां 100 दिनों का रोजगार और प्रतिदिन 261 रुपये की मजदूरी मिलती थी। वीबी-जीराम जी योजना के अंतर्गत गेबियन निर्माण कार्य में उन्हें 125 दिनों तक रोजगार और 300 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी मिल रही है। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति पहले की अपेक्षा बेहतर हुई है। इसी गांव की रायमती सिदार भी इस योजना से जुड़कर नियमित रोजगार प्राप्त कर रही हैं। उनका कहना है कि रोजगार के दिनों में वृद्धि और मजदूरी में बढ़ोतरी से घर की जरूरतें पूरी करने में सुविधा हुई है। अब वे अन्य महिलाओं को भी इस योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं।जल संरक्षण और रोजगार का मिला दोहरा लाभ-वीबी-जीराम जी योजना के तहत किए जा रहे कार्यों से एक ओर जल संरक्षण की स्थायी संरचनाएं तैयार हो रही हैं तो दूसरी ओर ग्रामीण परिवारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है। इससे पलायन की आवश्यकता कम होने के साथ महिलाओं की आर्थिक भागीदारी भी बढ़ रही है।

### 31 जुलाई तक कराएं फसल बीमा खरीफ-26 के लिए अधिसूचना जारी

**रायगढ़, 16 जुलाई।** खरीफ मौसम 2026 में किसानों की फसलों को प्राकृतिक आपदाओं एवं अन्य जोखिमों से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन हेतु जिले में आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही जिले में योजना को प्रभावशील कर दिया गया है। किसान 31 जुलाई 2026 तक अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। योजना के अंतर्गत जिले के किसान धान (सिंचित एवं असिंचित), मक्का, उड़द, मूंगफली, मसूर, अरहर तथा रागी जैसी अधिसूचित फसलों का बीमा कराकर संभावित प्राकृतिक एवं उत्पादन संबंधी जोखिमों से आर्थिक सुरक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को बुवाई एवं रोपण जोखिम, स्थानीयकृत प्राकृतिक आपदाओं, प्रतिकूल मौसम तथा फसल कटाई के बाद निर्धारित अवधि में होने वाले नुकसान से उत्पन्न आर्थिक जोखिमों के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य किसानों की आय को सुरक्षित रखना तथा कृषि क्षेत्र में जोखिम कम करना है। यह योजना ऋणी एवं अऋणी दोनों श्रेणी के किसानों के लिए उपलब्ध है। अऋणी किसान अपने निकटतम बैंक, वित्तीय संस्था अथवा लोक सेवा केंद्र के माध्यम से बीमा प्रस्ताव पंजीकृत करा सकते हैं, जबकि ऋणी किसानों का बीमा संबंधित बैंक के माध्यम से किया जाएगा। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद किसी भी बीमा प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। योजना के अंतर्गत किसानों को कुल बीमित राशि का मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम देना होगा। धान (सिंचित) के लिए किसान अंश 1,210 रुपये प्रति हेक्टेयर तथा धान (असिंचित) के लिए 946 रुपये प्रति हेक्टेयर निर्धारित किया गया है। उप संचालक कृषि ने सभी किसानों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते अपनी फसलों का बीमा कराकर योजना का लाभ उठाएं। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए किसान अपने निकटतम कृषि विभाग कार्यालय अथवा संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

### वन समितियों तथा आदिवासियों को पेसा अधिनियम के प्रति जागरूक होने की जरूरत

**कांकेर, 16 जुलाई।** भारत सरकार के राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग नई दिल्ली के वरिष्ठ विधिक सलाहकार श्री प्रकाश कुमार उईके आज जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने जिले की वन प्रबंधन समिति एवं ग्राम सभा के अध्यक्षों की बैठक लेकर कहा कि जनजातीय विकास, कल्याण तथा उनके हितों की रक्षा के लिए संविधान के तहत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि पेसा कानून के क्रियान्वयन के लगभग 30 वर्षों के बाद भी अपने अधिकारों के प्रति आदिवासियों में यथा अपेक्षित जागरूकता नहीं आई है। श्री उईके ने कहा कि वन समितियों, ग्राम सभाओं तथा आदिवासियों को पेसा अधिनियम के प्रति जागरूक होने की नितांत आवश्यकता है।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज दोपहर आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के वरिष्ठ विधिक सलाहकार श्री उईके ने चर्चा के दौरान बताया कि जनजातीय कल्याण तथा उनके हितों की रक्षा के लिए संविधान की धारा 338 के तहत इस आयोग का गठन किया गया है, जिसमें जनजातियों के मौलिक हितों की रक्षा के लिए अनेक नियमों एवं अधिनियमों का प्रावधान किया गया है। आजादी के दौरान गुजरात के श्री ठक्कर बापा ने सर्वप्रथम जनजातियों के अधिकारों व हितों की कल्पना की, जो आज पेसा अधिनियम के रूप में परिलक्षित है। उनके सतत् प्रयासों से ही संविधान में अनेक प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पेसा कानून के तहत ग्राम सभाओं को प्रदत्त अधिकारों के प्रति आदिवासियों एवं जनजातियों में अपेक्षित जागरूकता नहीं आई है। आयोग के मंशानुसार पेसा अधिनियम एवं उसमें निहित शक्तियों की जानकारी होना बहुत जरूरी है, क्योंकि इसके अभाव में आज भी वे अपने जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने में असमर्थ हैं। इस दौरान उन्होंने वन प्रबंधन समिति तथा ग्राम सभा के अध्यक्षों से सिलसिलेवार चर्चा कर पेसा के तहत प्राप्त शक्तियों एवं अधिकारों की जानकारी दी तथा उनका मार्गदर्शन किया।

---

# सात दिनों में शुरू होंगे प्रधानमंत्री आवास योजना के अप्रारंभ मकान जिला पंचायत सीईओ ने कोड़ातराई में चौपाल लगाकर दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 16 जुलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का निर्माण कार्य समय पर पूर्ण कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे ने जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पंचायत कोड़ातराई का दौरा कर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत अप्रारंभ आवासों तथा दूसरी किस्त प्राप्त कर चुके हितग्राहियों के आवासों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों ने अभी तक आवास निर्माण प्रारंभ नहीं किया है, वे आगामी सात दिनों के भीतर निर्माण कार्य अनिवार्य रूप से शुरू करें तथा दूसरी किस्त प्राप्त कर चुके हितग्राही निर्धारित समय-सीमा में अपने आवास पूर्ण करें।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री पठारे ने ग्राम में चौपाल आयोजित कर हितग्राहियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने जमीन पर बैठकर प्रत्येक हितग्राही की स्थिति की व्यक्तिगत जानकारी ली तथा एक-एक स्वीकृत आवास की



प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल एक निर्माण योजना नहीं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक एवं सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण अभियान है। इसलिए सभी हितग्राही निर्धारित समय-सीमा में निर्माण कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण करें। सीईओ श्री पठारे ने अधिकारियों एवं पंचायत अमले को निर्देशित किया कि प्रत्येक अप्रारंभ आवास की नियमित निगरानी की जाए तथा हितग्राहियों को निर्माण कार्य में आने वाली समस्याओं का तत्काल समाधान उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन हितग्राहियों को योजना के अंतर्गत दूसरी किस्त जारी हो चुकी है, वे निर्माण कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतें और शीघ्रता से अपने आवास पूर्ण करें।

सीईओ श्री पठारे ने ग्राम में घर-घर पहुंचकर अप्रारंभ आवास वाले हितग्राहियों के निवास का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने के कारणों की जानकारी ली तथा संबंधित हितग्राहियों को सात दिनों के भीतर कार्य शुरू करने के लिए प्रेरित करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक हितग्राही के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखें और प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य को गति प्रदान करें। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री महेश पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुसौर श्री विवेक गोस्वामी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत कोड़ातराई में जिन हितग्राहियों के प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत आवास अभी तक प्रारंभ नहीं हुए हैं, उनमें आरती/अशोक, अमरसिंह/गोरेलाल, अनिल कुमार महंत/इतवारदास, अमरिका/ललित, अनिता/कमला, आशा चौधरी/देवर्षि चौधरी, बाहरतीन/विद्याधर, बसंती/दुर्गा, वृन्दावती/छोटेलाल चौहान, दीपक साव/लालकुमार साव, गीता/राधेश्याम, गीता चौधरी/पदमन चौधरी, घसनीन/रामनाथ, घासीराम/चंदनदास, गौरी/सेतराम, हेमा चौधरी/नारद चौधरी, जयश्री/सुशांत,याकूब/अब्दुल, सुकांति/लच्छीराम, सुरेश्वरी/विकास, थानसिंह/मोतीराम, विनोद/हरिहर तथा यशोदा/रतिराम चौहान शामिल हैं।

---

# जल जीवन मिशन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 16 जुलाई।** जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति और ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन (डीडब्ल्यूएसएम) की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में संचालित जल जीवन मिशन की विभिन्न योजनाओं, विशेषकर समूह नल-जल योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उक्त कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कुछ ठेकेदार लंबे समय से कार्य बंद रखकर परियोजनाओं की प्रगति में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इस पर कलेक्टर ने कड़ा रुख अपनाते हुए मेसर्स संतोष कुमार तिवारी, मेसर्स आशीष ट्रेडर्स एंड कंस्ट्रक्शन, मेसर्स माला मोहन बिल्डर्स, मेसर्स महामाया कंस्ट्रक्शन, मेसर्स आदिशक्ति इंटरप्राइजेस तथा मेसर्स ध्रुवा इंटरप्राइजेस के अनुबंध निरस्त करने और उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के कार्यों में किसी भी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। ग्रामीण परिवारों तक हर घर नल से जल पहुंचाने के लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूरा करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

बैठक में जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं की अद्यतन स्थिति, निर्माण कार्यों की वास्तविक प्रगति तथा तृतीय पक्ष जांच एजेंसी द्वारा किए जा रहे निरीक्षण कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। इसके साथ ही फाइनेंशियल रिकॉन्सिलिएशन, एसएनए स्पर्श पोर्टल पर लंबित प्रविष्टियों तथा योजनाओं से संबंधित तकनीकी एवं प्रशासनिक बिंदुओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पोर्टल आधारित मॉनिटरिंग एवं वित्तीय प्रक्रियाओं को समय पर पूरा किया जाए, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यपालन अभियंता श्रीमती प्रतिभा नवरतन, विभागीय सहायक अभियंता, उप अभियंता तथा मिशन से जुड़े अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में केएमएल फाइल तैयार करने और उसे पोर्टल पर अपलोड करने की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के सभी शेष ग्रामों और योजनाओं का केएमएल कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए, जिससे योजनाओं का सटीक भौगोलिक मानचित्रण (जियो-मैपिंग) तथा ऑनलाइन मॉनिटरिंग प्रभावी ढंग से की जा सके। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मानकों और समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जिला प्रशासन का फोकस

**रायगढ़, 16 जुलाई।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने तथा शासन की प्राथमिकता वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जगत की अध्यक्षता में सीएमएचओ कार्यालय में बैठक आयोजित की गई।



बैठक में जिले में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति, उपलब्धियों, लंबित कार्यों एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी (डीएचओ), जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम), मुख्य कार्यक्रम प्रबंधक (सीपीएम), विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के जिला नोडल अधिकारी, सेक्टर प्रभारी एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी), राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीडीसीपी), राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम (एनएलईपी), गैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनसीडी), एचपीवी टीकाकरण अभियान, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, एनीमिया मुक्त भारत अभियान, मातृ मृत्यु दर (एमएमआर), शिशु मृत्यु दर (आईएमआर), उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं प्रबंधन, संस्थागत प्रसव तथा स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध जांच एवं उपचार सुविधाओं की बिंदुवार जानकारी ली गई। जिन क्षेत्रों में अपेक्षित प्रगति नहीं है, वहां विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जगत ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

एक नजर

## शादी समारोह में रास्ता मांगने पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 16 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जला पुलिस बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा अपराधियों और सरेराह गुंडागर्दी करने वाले तत्वों के खिलाफ लगातार सख्त और त्वरित दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है. इसी कड़ी में थाना गिधौरी टुंडरा पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक शादी समारोह के दौरान रास्ता मांगने के विवाद पर युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है. रास्ता मांगने के विवाद पर अश्लील गाली-गलौज व चाकूबाजी-प्रार्थी विजय पटेल (उम्र 19 वर्ष), निवासी गिधौरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 09/07/2026 की रात्रि करीब 10:00 बजे वह अपने दोस्तों (समीर पटेल और दीपक वर्मा) के साथ मोटरसाइकिल से वापस गिधौरी आ रहा था. इसी दौरान ग्राम परसापाली में एक शादी कार्यक्रम के चलते रोड पर डीजे बज रहा था और लोगों की भारी भीड़ थी. ?प्रार्थी व उसके दोस्तों द्वारा साइड से रास्ता मांगने पर वहां मौजूद परसापाली के दो-तीन लड़के उग्र हो गए और मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देकर जान से मारने की धमकी देने लगे. जब प्रार्थी ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी कमल पटेल ने अपने पास से एक धारदार चाकू निकाला और प्रार्थी पर ताबड़तोड़ जानलेवा वार कर दिए. प्रार्थी द्वारा बचने के प्रयास के बावजूद आरोपी ने उसके पेट, जांघ, कमर और पीठ पर गंभीर वार कर लहूलुहान कर दिया, जिससे काफी खून निकल आया. घायल को तत्काल कसडोल अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल बलौदाबाजार रेफर किया गया।

## जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**बलौदाबाजार 16 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शैणिक सत्र 2027-28 हेतु कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिये जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई 2026 तक किया जा सकता है। पात्र व इच्छुक विद्यार्थी वेबसाईट https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/पर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये परीक्षा प्रभारी के मोबाइल नंबर 8637253499, 99811798925 पर संपर्क किया जा सकता है।

## डेली नीड्स दुकान की आड़ में गांजा बेचने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 16 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में अवैध नशीले पदार्थों के क्रय-विक्रय और परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी.शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना पलारी पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए पलारी नगर स्थित डेली नीड्स दुकान की आड़ में अवैध रूप से गांजा बेचने वाले एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। डेली नीड्स दुकान की आड़ में चल रहा था अवैध कारोबार- दिनांक 14.07.2026 को थाना पलारी पुलिस को मुखबिर के जरिए पुख्ता सूचना प्राप्त हुई कि वार्ड क्रमांक 06 स्टेडियम पारा पलारी का निवासी भीमलाल साहू अपनी डेली नीड्स दुकान में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर ग्राहकों को बेच रहा है। ?सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना पलारी से प्र.आर. राजेश चंद्राकर, पीएसआई हेमंत साहू, आरक्षक 625 व अन्य हमराह स्टाफ की टीम वार्ड क्रमांक 06 स्टेडियम पारा स्थित भीमलाल साहू की डेली नीड्स दुकान की घेराबंदी की और दुकान संचालक भीमलाल साहू को हिरासत में लिया। गवाहों की उपस्थिति में एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत दुकान की सघन तलाशी ली गई। दुकान के भीतर रखी प्लास्टिक की बाल्टी के अंदर छिपाकर रखा गया एक काले रंग का पॉलिथीन मिला।

# संपर्क केंद्र की तत्परता से महाराष्ट्र में बिछड़ा 15 वर्षीय बालक सकुशल परिवार से मिला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 16 जुलाई।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित जिला संपर्क केंद्र की त्वरित कार्रवाई और प्रभावी समन्वय से महाराष्ट्र में अपने परिवार से बिछड़ा 15 वर्षीय बालक सालिक राम ध्रुव सकुशल अपने माता-पिता से मिल गया। बालक के सुरक्षित घर लौटने पर परिवार की खुशियां लौट आई और भावुक माता-पिता ने जिला प्रशासन के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गिन्दोला, तहसील लवन निवासी दुलेश ध्रुव अपने परिवार सहित वर्तमान में कामठी (महाराष्ट्र) में मजदूरी कार्य करते हैं। इसी दौरान उनका 15 वर्षीय पुत्र सालिकराम ध्रुव अचानक परिवार से बिछड़ गया। कामठी थाना क्षेत्र में अकेले घूमते हुए पाए जाने पर स्थानीय पुलिस ने बालक को संरक्षण में लिया और उससे पूछताछ कर उसके परिजनों के संबंध में जानकारी जुटाई।

जानकारी के आधार पर कामठी पुलिस ने 11 जुलाई 2026 को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में संचालित संपर्क केंद्र के हेल्पलाइन नंबर 9201899925 पर संपर्क कर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही संपर्क केंद्र की टीम ने तत्काल सक्रिय होकर संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया तथा ग्राम गिन्दोला पहुंचकर बालक के परिजनों की प्रामाणिकता का सत्यापन कराया। इसके बाद सभी आवश्यक वैधानिक प्रक्रियाएं एवं काउंसलिंग पूरी कर बालक सालिकराम ध्रुव को सुरक्षित उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया। कई दिनों बाद अपने बेटे को सकुशल सामने देखकर माता-पिता की आंखें खुशी से नम हो गईं। उन्होंने जिला प्रशासन की संवेदनशील कार्यप्रणाली, संपर्क केंद्र की तत्परता तथा कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में किए गए मानवीय प्रयासों के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन की सक्रियता के कारण उनका बिछड़ा हुआ बेटा सुरक्षित वापस मिल सका।

# प्रदेश अध्यक्ष बैज के जन्मदिन पर क्षेत्र के कांग्रेसजन ने रक्तदान किया : माहेश्वरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 16 जुलाई।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के जन्मदिवस के अवसर पर भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील माहेश्वरी के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।



इस अवसर पर क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश भी दिया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील माहेश्वरी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने अपने तीन वर्षीय कार्यकाल में कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक सशक्त बनाने का कार्य किया है। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफसदन से लेकर सड़क तक प्रभावी संघर्ष किया है। श्री माहेश्वरी ने आगे कहा कि अपने जन्मदिवस के अवसर पर भी प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने ग्राम नकटी पहुंचकर पीड़ित परिवारों एवं प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनका दुख-दर्द साझा किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिलेगा तथा उनकी समस्याओं का समाधान होगा।रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया, युवक कांग्रेस के विक्की मानिकपुरी,यश शर्मा विक्रम पांडे , सौद खान आदि प्रमुख थे। प्रमुख रूप से रिंकू भाटिया,विवेक अग्रवाल,दीपक वर्मा,अशोक देवांगन,लक्ष्मी पांडेय,प्रमिला साहू, निर्मला कोसले,आबिद खान, राजा तिवारी, राहुल शर्मा चंद्रकांत साहू,विष्णु कोसले, ओमप्रकाश यदु,विक्की मानिकपुरी, लल्लू पाटकर, यश शर्मा,विक्रम पांडेय,बृजमोहन वर्मा,मिथलेश ध्रुव, सऊद खान,संतराम साहू, तुलेराम साहू,जीवन मानिकपुरी,प्रताप निषाद,गुड्डू जैन,हृदय ध्रुव आदि उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर प्रारंभ,वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, मल्लखम्ब एवं कराते का मिल रहा प्रशिक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 16 जुलाई।** कले क्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर.) मद के सहयोग से इस वर्ष बलौदाबाजार स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर का संचालन स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से जिले के बालक एवं बालिकाओं को अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिदिन प्रातः 6 बजे तथा सायंकाल 5 बजे वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, मल्लखम्ब एवं कराते खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण केंद्र का उद्देश्य जिले की खेल प्रतिभाओं को प्रारंभिक स्तर से ही व्यवस्थित प्रशिक्षण उपलब्ध कराना तथा उनके खेल कौशल, शारीरिक क्षमता, मानसिक दृढ़ता एवं अनुशासन का समग्र विकास करना है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ी स्कूल गेम्स, ओपन जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे तथा जिले एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाने का अवसर प्राप्त करेंगे। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने जिले के सभी इच्छुक बालक-बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बलौदाबाजार स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर* से जुड़कर प्रशिक्षण का लाभ उठाएं तथा खेलों के माध्यम से स्वस्थ, अनुशासित एवं उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें।

## सिमगा स्कूलों में चला यातायात एवं साइबर जागरूकता अभियान, विद्यार्थियों को दिए सुरक्षा के लिए अहम टिप्स

**सिमगा 16 जुलाई।** सड़क सुरक्षा और साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सिमगा यातायात पुलिस द्वारा सोमवार को यातायात जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल दामाखेड़ा एवं बनसंकरा स्कूल में विद्यार्थियों को यातायात नियमों और साइबर सुरक्षा की विस्तृत जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में यातायात पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा सड़क पार करते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करने की समझाइश दी। साथ ही सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों की जानकारी देकर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान सिमगा यातायात थाना के सहायक उप निरीक्षक जागेश्वर ध्रुव ने साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाता, एटीएम, सीवीवी या पासवर्ड जैसी गोपनीय जानकारी साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें और ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं। विद्यार्थियों ने अभियान में रुचि लेकर अधिकारियों से विभिन्न प्रश्न भी पूछे, जिनका समाधान किया गया।

# उपभोक्ता की संतुष्टि अनुसार करना होगा बोर खनन, आयोग ने ठीक से कार्य नहीं करने पर दिया आदेश

**बलौदाबाजार,16 जुलाई।** बोर खनन कार्य सही तरीके से नही करने तथा खनन में आई कमी को दूर करने में आना -कानी करने के मामले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा विरोधी पक्षकार को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए उपभोक्ता की संतुष्टि अनुसार बोरिंग के कार्य को आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर पूर्ण किये जाने का आदेश दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोनी भाटापारा निवासी परिवादी उत्तरा कोसले द्वारा विरोधी पक्षकार मोहित वर्मा निवासी मोती बाड़ी, भाटापारा से अनुबंध स्थापित कर अपनी निजी भूमि में 400 फीट की गहराई का बोर कराने बाबत 50080 रुपए का भुगतान किया, परंतु विरोधी पक्षकार द्वारा उक्त भूमि में मात्र 325 फीट गहराई का खोदाई कार्य किया। 1 केसिंग के स्थान पर 3 केसिंग पाइप डाला गया जो नीचे जाकर मुड़ गया जिससे बोरवेल में मोटर स्थापित नही हो पाया।उक्त कमियों को दूर किये जाने बाबत विरोधी पक्षकार से अनुरोध किया गया जिसे विरोधी पक्षकार ने अस्वीकार कर दिया जिससे परिवेदित होकर परिवादी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया। आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण श हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि विरोधी पक्षकार द्वारा तर्क दिया गया कि परिवादी की उपस्थिति में बोरवेल खनन का कार्य किया गया था।

# सीएम हेल्पलाइन से मिली व्हील चेयर तो पटरी पर लौटी नूतन की जिंदगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 16 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर शुरू किये गये सीएम हेल्पलाइन 1076 से लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो रहा है।सीएम हेल्पलाइन से दिव्यांग नूतन कुमार रजक को व्हीलचेयर मिला जिससे उसके कई कार्य आसान हो गया। ग्राम अर्जुनी स्थित बजरंग चौक शीतला मंदिर के पास रहने वाले 32 वर्षीय नूतन कुमार रजक का जीवन वर्ष 2025 में एक सड़क दुर्घटना के बाद पूरी तरह बदल गया। हादसा इतना गंभीर था कि उनके दोनों पैर काटने पड़े। इस घटना ने न केवल उनकी शारीरिक क्षमता छीन ली, बल्कि घर से लगे छोटे से जनरल स्टोर तक पहुंचना भी उनके लिए बेहद कठिन हो गया। रोजमर्रा के छोटे-छोटे काम भी दूसरों की मदद के बिना संभव नहीं रह गए। ऐसे कठिन समय में एक दिन उन्होंने समाचार पत्र में सीएम हेल्पलाइन के बारे में पढ़ा। उनके मन में उम्मीद जगी कि शायद उनकी समस्या का भी समाधान इस माध्यम से हो सके। उन्होंने बिना देर किए हेल्पलाइन नंबर 1076 पर संपर्क किया। वहां उनकी बात गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनी गई तथा उन्हें सकारात्मक



आश्वासन मिला। इसके बाद समाज कल्याण विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज एक सप्ताह के भीतर उन्हें व्हीलचेयर उपलब्ध करा दी। व्हीलचेयर मिलने से अब नूतन कुमार रजक के लिए अपने जनरल स्टोर तक पहुंचना आसान हो गया है और वे फिर से आत्मविश्वास के साथ अपना काम संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सहायता उनके लिए केवल एक व्हीलचेयर नहीं, बल्कि नई जिंदगी और आत्मनिर्भरता की शुरुआत है।

उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन आम लोगों की समस्याओं का समाधान करने वाला एक प्रभावी और भरोसेमंद माध्यम बन गया है, जिसने उनके जीवन में फिर से उम्मीद की रोशनी जगा दी।


**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202607094500003**

विषय:- ब-121 सन् 2025-2026

**मामले की श्रेणी :- राजस्व**

मोतीपुर प.ह.न. 00014 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक बिरझू राम यादव पिता स्व. रूपसिंग यादव जाति राऊत निवासी ग्राम-मोतीपुर, तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, अपनी पिता रूपसिंग आ.बिसरू जाति राऊत की मृत्यु दिनांक 07.11.2011 को स्थान मोतीपुर में हुआ है, जो कि भूलवश ग्राम पंचायत मोतीपुर में संधारित मृत्यु पंजी रजिस्ट्रार में दर्ज नही हो पाया है। आवेदक अपने पिता रूपसिंग आ. बिसरू जाति राऊत की मृत्यु तिथि 07.11.2011 को ग्राम पंचायत मोतीपुर में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अतः ग्राम पंचायत मोतीपुर में संधारित मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित शपथ पत्र, जन्म/मृत्यु पंचनामा में सरपंच द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र, आवेदक का शपथपूर्वक कथन, सचिव/रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) ग्राम पंचायत मोतीपुर, जनपद पंचायत डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाव का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पेश कर निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 16.07.2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/07/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार ला.ब.नगर

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202607092200007**

विषय:- अ-6अ सन् 2025-2026

**मामले की श्रेणी :- राजस्व**

छीरपानी (प. ह. न. 00024),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-हीरालाल सिन्हा,
अनावेदक पक्षकार-भूमिका बाघमारे,
उमंग बाघमारे दोनों के पालक दादी निर्मला बाई पति अनंत बाघमारे व अन्य

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक हीरालाल सिन्हा आ. अनंद राम सिन्हा उम्र 62 वर्ष जाति कलार कृषक ग्राम छिरपानी वर्तमान निवासी ग्राम करवारी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम छिरपानी प.ह.न. 24 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नम्बर 118/1 रकबा 0.36 डिसमिल एवं खसरा नम्बर 118/5 रकबा 0.27 डिसमिल कुल रकबा 0.63 डिसमिल पर से अनावेदकगण भूमिका बाघमारे, उमंग बाघमारे दोनों आ. हीरालाल बाघमारे दोनों जाति महार, एवं खेदू साहू आ. बल्दु जाति तेली निवासी ग्राम छिरपानी का नाम त्रुटिपूर्ण तरीके से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भू अभिलेख में दर्ज करा लिया गया है। जिसे सुधार कर पुनः खसरा नम्बर 118/1 रकबा 0.36 डिसमिल एवं खसरा नम्बर 118/5 रकबा 0.27 डिसमिल कुल रकबा 0.63 डिसमिल ग्राम छिरपानी की कृषि भूमि आवेदक हीरालाल सिन्हा पिता आनंद राम जाति कलार के नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 20/07/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/07/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार तहसील - डोंगरगढ़

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**नामांतरण प्रकाशन सूचना सूची माह जुलाई 2026**

पृ.क्र./530 /रा.वि./मु.न.अ./2026 — भाटापारा, दिनांक 13.07.2026

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नामांतरण किये जाने हेतु निम्नलिखित 15 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका नामांतरण सूचना दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन किया जा रहा है। यदि उपरोक्त नामों के प्रकाशन में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की अपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस तक के भीतर लिखित में दाया/अपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। तिथि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

| क्र. | विक्रेता | क्रेता | वार्ड | खसरा नं. | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छ.ग. शासन राजस्व अभिलेख अनुविभागीय अधिकारी भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | राकेश भोजवानी पिता किशनचंद भोजवानी निवासी महासती वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | सदर वार्ड | नगर भाटापारा प.ह.न. 11 नजूल शीट क्रमांक 17-बी भूखण्ड क्रमांक 48/6 रकबा102.26 वर्गफुट व्यवसायिक प्रयोजन | विक्रय विलेख |
| 2 | श्री भगवानदास भोजवानी 2. मु. राजकुमार भोजवानी निवासी महासती वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्री राकेश भोजवानी पिता किशनचंद भोजवानी निवासी महासती वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | भगतसिंह वार्ड | नगर भाटापारा प.ह.न. 11 नजूल शीट क्रमांक 17 बी भूखण्ड क्रमांक 48/3 रकबा 204.49 वर्गफुट पक्का दुकान | विभाजन पत्र |
| 3 | श्री राजेश मलानी पिता स्व. श्री मोहन मलानी निवासी समता कलोनी रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) | श्रीमती पूनम सेठी पति किशन कन्हैया सेठी निवासी सदर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | संजय वार्ड | नगर भाटापारा प.ह.न. 11 नजूल शीट क्रमांक 5 भूखण्ड क्रमांक 110 रकबा 1252 वर्गफुट आवासीय पक्का मकान | विक्रय विलेख |
| 4 | नंद किशोर चौरसिया पिता शंभूलाल निवासी गांवीमंदिर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | गोपाल प्रसाद चौरसिया पिता नंद किशोर वगैरह निवासी शंकर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | गांधी मंदिर वार्ड | नजूल शीट क्रमांक 12 बी मूखण्ड क्रमांक 67 रकबा 1366.91 वर्गफुट पक्का मकान | मृत्यु प्रमाण पत्र मैटेनेस खसरा |
| 5 | गणेशलाल चौरसिया पिता शंभूलाल निवासी गांधीमंदिर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | किशोर कुमार चौरसिया पिता गणेशलाल वगैरह निवासी गांधी मंदिर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | गांधी मंदिर वार्ड | नजूल शीट क्रमांक 12 बी भूखण्ड क्रमांक 68 रकबा 19371 वर्गफुट पक्का मकान | मृत्यु प्रमाण पत्र मैटेनेस खसरा |
| 6 | गणेशलाल चौरसिया पिता शंभूलाल निवासी गांधीमंदिर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | किशोर कुमार चौरसिया पिता गणेशलाल वगैरह निवासी गांधी मंदिर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | गांधी मंदिर वार्ड | नजूल शीट क्रमांक 12 बी भूखण्ड क्रमांक 58/1 रकबा 2131 वर्गफुट पक्का मकान | मृत्यु प्रमाण पत्र मैटेनेस खसरा |
| 7 | आशानंद पिता हासानद वाधवानी निवासी भगतसिंह वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | सतीश कुमार वाधवानी पिता आशानंद वाधवानी निवासी भगतसिंह वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | भगतसिंह वार्ड | नजूल शीट क्रमांक 11 सी भूखण्ड क्रमांक130/2 रकबा 6210.83 वर्गफुट पक्का मकान | मृत्यु प्रमाण पत्र मैटेनेस खसरा |
| 8 | मोहम्मद ईस्माईल पिता वली मोहम्मद निवासी सदर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती जया तलरेजा पति श्री प्रमोद कुमार तलरेजा निवासी संत कंवर राम वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | सदर वार्ड | नजूल शीट क्रमांक 12 सी भूखण्ड क्रमांक 200/6 रकबा 12 वर्गमीटर पक्का मकान | विक्रय विलेख |
| 9 | श्री रत्नाकर मिश्रा 2. श्री अम्बर मिश्रा पिता नलनीकांत मिश्रा निवासी सदर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्री पंचराम घृतलहरे पिता श्री खोरबाहराराम घृतलहरे निवासी देवरानी भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | गुरूनानक वार्ड | मौजा अवरेठी प.ह.न. 10 खसरा नं. 128/3, 129/3 का टु. रकबा कुल 1500 वर्गफीट आवासीय खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 10 | प्रेमसिंह ठाकुर पिता छेलसिंह ठाकुर निवासी सुभाष वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | विनोद सिंह ठाकुर पिता प्रेमसिंह ठाकुर निवासी सुभाष वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ. ग.) | सुभाष वार्ड | नजूल शीट नं. 6 अ भूखण्ड नं 48 रकबा 115 वर्गमीटर पक्का मकान | मृत्यु प्रमाण पत्र मैटेनेस खसरा |
| 11 | श्री कमल कुमार यादव पिता अमरू राम यादव निवासी सुभाष वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती मोनिका यादव पिता कमल कुमार यादव निवासी सुभाष वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | सुभाष वार्ड | मौजा हथनी प.ह.न. 40 खसरा नं. 846/29 रकबा 0.0260 हे. 375 वर्गफुट आवासीय खुला भूखण्ड | दान पत्र |
| 12 | नरेन्द्र सोनी पिता धनराज सोनी निवासी सुभाष वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | संगीता साहू पति हरिकिशन साहू निवासी सुभाष वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | सुभाष वार्ड | मौजा हथनी प.ह.न. 40 खसरा नं. 855/118 रकबा 0.0232 हे. 2500 वर्गफुट आवासीय परिवर्तित भूमि | विक्रय विलेख |
| 13 | श्री प्रेम प्रकाश पंजीकृत डेव्हलपर्स भागीदारी संस्था 1. श्री राधेश्याम आर्य पिता स्व. श्री गोविंदराम आर्य 2 श्री अशोक किंगरानी पिता श्री सुदामचंद किंगरानी 3. श्री राजेश थारानी पिता स्व. श्री मुंशीइस्माईल वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्री देवदत्त शर्मा पिता रामजी शर्मा 2. श्री वासुदेव शर्मा पिता देवदत्त शर्मा निवासी शंकर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | सुभाष वार्ड | मौजा हथनी प.ह.न. 40 खसरा नं. 855/134 रकबा 0.0149 हे. 1605 वर्गफुट आवासीय खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 14 | श्री सुनील बगवानी पिता श्री अशोक बगवानी निवासी महासती वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती कीर्ति पाण्डेय पति श्री पवन पाण्डेय निवासी कृष्णा सिटी, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्यामा प्रसाद मुखर्जी | मौजा हथनी प.ह.न. 40 खसरा नं. 15000/5 का टु. रकबा 0.1110 हे. में से 1125 वर्गफुट आवासीय खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 15 | श्री संदीप गोयल पिता श्री गोपाल गोयल निवासी नेहरू वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती पुष्पा भूषाणिया पति श्री किशोर कुमार भूषाणिया निवासी सेक्टर 1 टाइप सी बालको नगर कोरबा तहसील वो जिला कोरबा (छ.ग.) | के.के. वार्ड | मौजा अवरेठी प.ह.न. 10 खसरा नं. 259/11 का टु., रकबा 0.2800 हे. में से 1150 वर्गफुट खूला भूखण्ड | विक्रय विलेख |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, भाटापारा

# सेवा ग्राम को लेकर विस में बघेल व चंद्राकर में तीखी नोंकझोंक

## महंत की चुटकी, मुस्कारते रहे स्पीकर रमन सिंह




रायपुर 16 जुलाई। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन प्रश्नकाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक अजय चंद्राकर के बीच तीखी नोक-झोंक हो गई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की अनुमति से जब पूर्व सीएम बोलने के लिए उठे, तब विधायक चंद्राकर ने इस बात का विरोध किया, इसी को लेकर दोनों के बीच जमकर नोकझोंक हो गई। इस बीच नेता प्रतिपक्ष ने कमेंट्स भी किया, यह सुनकर विधानसभा अध्यक्ष मुस्कारते रहे।

विधायक अजय चंद्राकर नवा रायपुर में प्रस्तावित सेवा ग्राम को लेकर सवाल पूछ रहे थे। विधायक बोल रहे थे, किसी एक व्यक्ति की स्वेच्छाचारिता के चलते जनता की गाढ़ी कमाई का 200 करोड़ रुपये फूंक किया गया। ना तो संचालन की व्यवस्था और ना ही मानिटिरिंग की। विधायक ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से सीधे सवाल करते हुए पूछा, 200 करोड़ रुपये क्यों खर्च किया गया है, जिम्मेदार अधिकारी, लोकसेवक के खिलाफ कार्रवाई करेंगे क्या। इस पर सदन में जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा, तीनों योजनाएं पिछली सरकार की योजना है। लोकधन के व्यय में लोकहित सुरक्षित रहनी चाहिए।

मंत्री के जवाब के बाद विधायक चंद्राकर ने पूछा, क्या जिम्मेदारी अधिकारी व लोकसेवक के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। इस तरह की अव्यवस्था और जनता की गाढ़ी कमाई का बड़ा हिस्सा अपव्यय ना हो इसके लिए कोई पुख्ता व्यवस्था सरकार करेगी क्या। मंत्री के जवाब के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बोलने की अनुमति दी। स्पीकर की अनुमति से पूर्व सीएम बोलने के लिए और अपनी बात रख ही रहे थे, इसी बीच विधायक अजय चंद्राकर ने विरोध कर दिया और बोले, अभी उनका प्रश्न चल रहा है, इसके बाद ही पूर्व सीएम कुछ बोलें। टोका-टोकी से नाराज पूर्व सीएम ने कहा, आप कौन होते हैं रोकने वाले। रोकटोक क्यों करते हैं। आप जब बिना अनुमति के लिए बोलने लगते हैं तब तो कोई आपको टोकता नहीं है। नाराज पूर्व सीएम ने कहा, वे ऐसे ही नहीं खड़े हो गए हैं, विधानसभा अध्यक्ष से अनुमति मिलने के बाद खड़े हुए हैं। इसी बीच स्पीकर ने पूर्व सीएम को अपनी बात रखने के लिए कहा, टोका-टोकी और नोक-झोंक से नाराज पूर्व सीएम अपनी जगह बैठ गए।

दोनों के बीच नोक-झोंक और नाराजगी के बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास ने चुटकी लेते हुए कहा, अभी तो दोनों गुरुभाई बन रहे थे, अब क्या होगा। बोलने के उनके अंदाज को सुनकर विधानसभा अध्यक्ष मुस्कराने लगे।

नवा रायपुर विकास प्राधिकरण अंतर्गत नवा रायपुर में सेवाग्राम बनाने का निर्णय कब लिया गया? उसके उद्देश्य क्या हैं? उसके अंतर्गत क्या-क्या कार्य किया जाना है? कितनी राशि का बजट प्रावधान रखा गया है? कितनी राशि किन-किन कार्यों के लिये व्यय की जा चुकी है? 15 जून, 2026 तक उसकी भौतिक स्थिति क्या है? निर्धारित समयावधि में कितने प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है? यदि अपूर्ण है तो उसके कारण व दोषी कौन है? उसके विरूद्ध अब तक क्या कार्यवाही की गयी? ) क्या उक्त सेवाग्राम के संचालन हेतु सेटअप स्वीकृत किया गया ? यदि हां, तो किन-किन कार्यों के लिये कितने पदों की स्वीकृति दी गयी है?

नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण अंतर्गत नवा रायपुर में सेवाग्राम बनाने का निर्णय 10 मार्च 2022 को लिया गया। प्रस्तावित सेवा ग्राम का उद्देश्य आजादी की लड़ाई के मूल्यों, सिद्धान्तों व आदर्शों तथा महात्मा गांधी जी की आत्म निर्भर की राम-राज्य की संकल्पना को अक्षुण्य रखने तथा भावी पीढ़ी को उन मूल्यों की जानकारी देना तथा संस्थान में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं 'आत्मनिर्भर ग्राम÷ की कल्पना को साकार करने हेतु कारीगरों के प्रशिक्षण करने का उद्देश्य है।

इसके अंतर्गत बायोडायवर्सीटी पार्क, इकोलॉजिकल पॉण्ड, विजिटर सेन्टर प्रेयर हाल, म्यूजियम/एक्जीबिशन-हॉल/गैलरी, लायब्रेरी, स्थानीय क्राफ्ट की दुकाने, एम्पीथियेटर, सेवाश्रम-रिहायशी क्षेत्र यथा प्रशिक्षु के निवास, आर्टिस्ट के निवास, कामन किचन एवं चिकित्सालय, क्लासरूम एवं वर्कशाप, फ्रीडम वॉक एवं राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया जैसे कार्य किया जाना है। उक्त कार्यों हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में ?08.00 करोड़, वित्तीय वर्ष 2023-24 में ?60.00 करोड, वित्तीय वर्ष 2024-25 में ?61.00 करोड़ का बजट प्रावधान रखा गया है। मल्टीपरपज डाईनिंग हॉल, सामुदायिक किचन एवं प्रसाधन कक्ष का निर्माण में रू. 3.72 करोड़ का व्यय हुआ है।

बायोडायवर्सीटी पार्क, इकोलॉजिकल पॉण्ड, विजिटर सेन्टर प्रेयर हॉल, गैलरी, म्यूजियम / एक्जीबिशन -हॉल / लायब्रेरी, स्थानीय क्राफ्ट की दुकाने, एम्पीथियेटर, सेवाश्रम-रिहायशी क्षेत्र यथा प्रशिक्षु के निवास, आर्टिस्ट के निवास, चिकित्सालय, क्लासरूम एवं वर्कशाप, फ्रीडम वॉक इत्यादि के निर्माण कार्य में रू. 104.05 करोड़ का व्यय हुआ है। समस्त निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। (ख) सेवाग्राम के संचालन हेतु सेटअप स्वीकृत नही किया गया है।





रायपुर, 16 जुलाई। गायत्री नगर स्थित मंदिर से आज महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की रथ यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा विधायक पुरंदर मिश्रा उपस्थित थे।

## मूकबधिर दिव्यांगों के लिए रोजगार मेला 17 जुलाई को

रायपुर 16 जुलाई। मूकबधिर दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष रोजगार कार्यालय द्वारा 17 जुलाई 2026 को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, लोक भवन के बाजू, सिविल लाइन स्थित विशेष रोजगार कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। इसमें केवल पुरुष मूकबधिर दिव्यांगजन (जो बोल और सुन नहीं सकते) भाग ले सकेंगे।

उप संचालक डॉ. शशिकला अतुलकर ने बताया कि रोजगार मेले में इनोवेटिव रीटेल कॉन्सेप्ट्स प्रा. लि. एवं इन्स्टाकार्ट सर्विस प्रा. लि. कंपनी शामिल होंगी। इनोवेटिव रीटेल कॉन्सेप्ट्स प्रा. लि. द्वारा पिकर-पैकर के 04 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, आयु 18 से 35 वर्ष तथा वेतनमान 10 से 15 हजार रुपये है। साथ ही इन्स्टाकार्ट सर्विस प्रा. लि. द्वारा सीनियर असिस्टेंट के 15 पद एवं वेयरहाउस हेल्पर के 15 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण, आयु 18 से 30 वर्ष तथा वेतनमान 10 से 12 हजार रुपये निर्धारित है।

इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित समय पर अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधी दस्तावेज, रोजगार पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड, बायोडाटा की छायाप्रति तथा पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए आवेदकों को छत्तीसगढ़ रोजगार पोर्टल http://erojgar.cg.gov.in या छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन के लिए आवेदक का रोजगार पंजीयन नंबर होना आवश्यक है। जिन आवेदकों का रोजगार पंजीयन नहीं हुआ है, वे छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के माध्यम से रोजगार पंजीयन करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए आवेदक कार्यालयीन समय में कार्यालय के दूरभाष नंबर 0771-4044081 पर संपर्क कर सकते हैं।

### एक्सपो का शुभारंभ

**रायपुर 16 जुलाई।** मानस जैनम भवन में आयोजित दो दिवसीय एक्सपो का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी परिसर का अवलोकन कर विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा प्रदर्शकों से आत्मीय संवाद कर उनके नवाचारों और तकनीकी प्रस्तुतियों की जानकारी प्राप्त की। अपने संबोधन में श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि क्रिएटिव एक्सपो केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि नई सोच, आधुनिक तकनीक, नवाचार और उद्यमिता को एक मंच प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजन युवाओं, उद्यमियों, इवेंट इंडस्ट्री तथा तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और नए अवसरों से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक तेजी से बदल रही है और हमें भी समय के साथ नई तकनीकों को अपनाना होगा। इस प्रकार के आयोजन युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं नए व्यवसायिक अवसरों की दिशा में प्रेरित करते हैं तथा प्रदेश में रचनात्मक उद्योगों को नई पहचान दिलाने का कार्य करते हैं। एक्सपो के दौरान उन्होंने अत्याधुनिक लाइट डेकोरेशन, प्रोफेशनल डीजे साउंड सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक सिस्टम, एलईडी डिस्प्ले, स्टेज लाइटिंग, इवेंट मैनेजमेंट से जुड़े उपकरणों तथा आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में प्रस्तुत नवीन तकनीकों एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों की उन्होंने सराहना करते हुए इसे अत्यंत आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक बताया। श्रीमती तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रतिभा और नवाचार की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल ऐसे मंचों की है।

### कॉमेडियन रामू यादव का निधन

**रायपुर 16 जुलाई।** लोकप्रिय कॉमेडी कलाकार रामू यादव का निधन हो गया है। उनके अभिनय और शानदार कॉमेडी ने लाखों दर्शकों के दिलों में अपनी अलग पहचान बनाई। उनके निधन से छत्तीसगढ़ी फिल्म और मनोरंजन जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।



## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सियासी नाव डूबने के कगार पर : भाजपा

**रायपुर 16 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता व सांसद संतोष पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लगातार घटते सियासी कद पर करारा तंज कसा है। श्री पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सियासत में कांग्रेस आज उस बदहाली के दौर में पहुँच गई है, जहाँ कभी 'सुपर सीएम' कहलाने वाले भूपेश बघेल तक की सियासी हैसियत दाँव पर लगी है। जब खुद बघेल अपनी जमीन बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो कांग्रेस के बाकी नेताओं की स्थिति का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

भाजपा के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता व सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि सत्ता के अहंकार में चूर होकर कभी मुख्यमंत्री रहते हुए जिन भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'आईना' भेजने की बचकानी हरकत की थी, आज कुदरत का न्याय देखिए कि कांग्रेस के अपने ही लोग बघेल को रोज आईना दिखा रहे हैं! युवा कांग्रेस के चुनाव ने इस सच को पूरी तरह जगजाहिर कर दिया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि राजनीति में वफादारियाँ बदलते देर नहीं लगती, खासकर तब जब सत्ता हाथ से चली जाए। कभी भूपेश बघेल के सबसे खास और 'फरमाबरदार' रहे कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने युवक कांग्रेस के चुनाव में बघेल समर्थित प्रत्याशी के खिलाफ अपना उम्मीदवार मैदान में उतारकर यह साबित कर दिया है कि अब बघेल का खौफ और जादू दोनों ही खत्म हो चुका है। यह बगावत साफ दर्शाती है कि कांग्रेस के भीतर भूपेश बघेल के नेतृत्व को पूरी तरह से नकार दिया गया है।

भाजपा मुख्य प्रदेश प्रवक्ता श्री पाण्डेय ने कटाक्ष करते हुए कहा कि पाँच साल तक छत्तीसगढ़ को लूटने और कांग्रेस का एटीएम बनाने वाले नेताओं को अब जनता के साथ-साथ अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं का आक्रोश झेलना पड़ रहा है।

### विजय पाण्डेय ने विप्र पब्लिक स्कूल को दिए 40 पंखे

रायपुर 16 जुलाई। छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र पब्लिक स्कूल के लिए विजय पांडेय सेवानिवृत्त स्वास्थ्य अधिकारी ,नगर पालिका निगम रायपुर ने 40 पंखे दान में दिए। 10 करोड़ की लागत से निर्मित भव्य विप्र पब्लिक स्कूल के नवनिर्मित बिल्डिंग में क्लासरूम, लैब ,लाइब्रेरी ,कंप्यूटर लैब आदि की आवश्यकता के अनुरूप 40 पंखे विजय पाण्डेय ने दान में दी है। विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि समाज के सदस्यों द्वारा इस प्रकार का सहयोग निश्चित ही विद्यार्थियों को न्यूनतम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लक्ष्य को पाने के लिए प्रेरणा का काम करता है।

### ट्रैवल एसोसिएशन बना चेम्बर का सदस्य



**रायपुर 16 जुलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के लिए यह बेहद गर्व का क्षण है कि प्रतिष्ठित ग्लोबल ट्रैवल एसोसिएशन अब आधिकारिक रूप से चेम्बर का नया सदस्य बन गया है। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री मनीष जैन, महामंत्री श्री शुभम अग्रवाल और कोषाध्यक्ष श्री राहुल वासवानी को इस नए सफर के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री थौरानी जी के कुशल नेतृत्व में चेम्बर लगातार व्यापारियों की आवाज को शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठा रहा है और व्यापार संचालन की हर तकनीकी परेशानी को दूर कर रहा है, जिसके फलस्वरूप आज प्रदेश भर के व्यापारिक संघ लगातार चेम्बर से जुड़ रहे हैं। इस गरिमामयी अवसर पर सलाहकार गुरजीत सिंह संधू, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, कार्यकारी महामंत्री विकास आहूजा, उपाध्यक्ष -दिलीप इसरानी, मनीष प्रजापति, अमरदास खट्टर, जितेंद्र शादीजा, मंत्री-राहुल खूबचंदानी, आकाश डुडानी सहित एसोसिएशन के सदस्यगण एवं चेम्बर पदाधिकारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### अमेजन इन का मेगा फुटबॉल फेस्ट स्टोर

**रायपुर 16 जुलाई।** जैसे-जैसे फुटबॉल का बुखार अपने चरम पर पहुंच रहा है, अमेजन इन का मेगा फुटबॉल फेस्ट प्रशंसकों के लिए इस अनुभव को यादगार बनाने के लिए सब कुछ एक साथ लेकर आया है। मैच के लिए तैयार फुटबॉल और ऑफिशियल टीम जर्सी से लेकर स्मार्ट टीवी, प्रोजेक्टर, स्ट्रीमिंग डिवाइस, फिटनेस वियरेबल्स और मैच के दिन काम आने वाले जरूरी सामान तक– नाइकी, एडिडास, प्यूमा, सैमसंग, बोट, निविया, निन्जा और वूप जैसे अग्रणी ब्रांड्स के साथ ग्राहक मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह खुद को तैयार कर सकते हैं। चाहे आप मैच शुरू होने से पहले अपने कौशल को निखार रहे हों या घर पर स्टेडियम जैसा माहौल बना रहे हों, इस स्टोरफ्रंट पर प्रो की तरह ट्रेनिंग करने और दोस्तों व परिवार के साथ अपनी पसंदीदा टीम का हौसला बढ़ाने के लिए सब कुछ मौजूद है। सभी जरूरी चीजें एक ही जगह होने से, फैंस इस टूर्नामेंट सीज़न में इस खूबसूरत खेल के रोमांच को अपने घर ला


**सेवा सप्ताह** मानवता की सेवा जीवन का सर्वोत्तम कार्य

## श्रवण यंत्र से 4 बच्चों व 9 बुजुर्गों की तकलीफ हुई दूर



**रायपुर 16 जुलाई।** शरीर के किसी भी अंग की दुर्बलता बुढ़ापे को दूभर बना देती है , कानों से कम सुनाई देना भी बड़ी परेशानी है । जैन संवेदना ट्रस्ट इस परेशानी को श्रवण यन्त्र बाँटकर दूर करने का प्रयास कर रहा है । श्रवण यन्त्र से 13 लोगों के जीवन में खुशियां लौटी । जैन संवेदना ट्रस्ट ने आज से साधर्मिक भक्ति व अनुकम्पा सेवा सप्ताह का आरम्भ किया है । सेवा सप्ताह के आरम्भ में 13 दिव्यांगों को श्रवण यन्त्र वितरित किए गए । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने इस अवसर पर कहा कि मानवता की सेवा जीवन का सर्वोत्तम कार्य है । जीवन भर सुनने के बाद जब बुढ़ापे में कम सुनाई देने लगता है तो बड़ी समस्या पैदा हो जाती है । इस वक्त श्रवण यन्त्र ही बड़ा सहारा होता है ।

जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा गूंगे बहरे लोगों का परीक्षण कर श्रवण यंत्र का वितरण किया जाता है । ट्रस्ट के वीरेन्द्र डागा ने बताया कि बच्चों में कु सबीना व खुशी को जन्म से सुनाई नही देता था , डॉक्टरों ने जांच कर बताया कि श्रवण यन्त्र लगाकर सुनाई दे सकता है । श्रवण यन्त्र लगाकर सभी बच्चे सुनने लगे हैं । सभी के माता पिता प्रफुल्लित होकर जैन समाज का आभार जताया है । जैन संवेदना ट्रस्ट ने वर्ष 2026 में 1000 लोगों की मदद का लक्ष्य रखा है । जुलाई के आरम्भ में ही 4 बच्चों के अलावा 9 बुजुर्गों को भी श्रवण यन्त्र देकर सुनने की समस्या से निजात दिलाई । जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा मूक पशु पक्षियों की सेवा , मानव सेवा के अंतर्गत श्रवण यन्त्र , कृत्रिम हाथ , कैलिपर्स , वैशाखी , बी पी नापने की मशीन , शुगर टेस्टिंग मशीन का निःशुल्क वितरण तथा मानव कल्याण में साधर्मिक भाई बहनों के स्वावलंबी जीवन , व्यवसायिक उत्थान व विवाह योजना पर लगातार कार्य किये जाते हैं ।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26